आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 27 | अंक - 262 | उज्जैन, सोमवार 11 अगस्त 2025 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रुपया

# जन-जन को जोड़ें हर घर तिरंगा अभियान से-मुख्यमंत्री

## हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आजादी अनमोल है। आजादी सिर्फ़ एक अधिकार मात्र नहीं है, यह हमें देश के विकास में हर संभव योगदान देने का कर्तव्यबोध भी कराती है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता, शुचिता और मेड इन इंडिया प्रोडक्ट्स (स्वदेशी वस्तुएं) अपनाने की जागरूकता को भी हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान से जोड़ा जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अभियान के दौरान प्रभावी गतिविधियां की जाएं। इसे ऑपरेशन सिंदूर के सैन्य पराक्रम से जोड़कर युवाओं की सहभागिता बढ़ाएं। अधिक से अधिक तिरंगा यात्रा, तिरंगा रैली, मानव श्रृंखलाएं, साइकल रैली, बाइक रैली, रंगोली प्रतियोगिता और देशभक्ति से जुड़े



सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर अभियान में अधिकतम जनभागीदारी सुनिश्चित की जाए। आमजन को आसानी से राष्ट्रध्वज उपलब्ध कराए जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि तिरंगा यात्रा के संदर्भ में जिले के स्थानीय जनप्रतिनिधियों से परामर्श लेकर जिले के प्रमुख धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों, सांस्कृतिक मंडलों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों, वरिष्ठ नागरिकों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, लोकतंत्र सेनानियों, पेंशनर्स, सेवानिवृत्त सैनिकों और समाजसेवियों को भी आवश्यक रूप से जोड़ा जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को निवास स्थित समत्व भवन में ÷हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग÷ अभियान के क्रियान्वयन के संबंध में उच्चस्तरीय बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में अभियान को जन-आंदोलन का स्वरूप देने पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। मुख्यमंत्री ने बैठक में वर्चुअली जुड़े प्रदेश के सभी कमिश्नर्स, कलेक्टर्स, आईजी और पुलिस अधीक्षकों से कहा कि हर घर तिरंगा अभियान में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ समुचित समन्वय कर इस अभियान को सफल बनाने के लिए सक्रिय होकर प्रयास करें। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान देशभक्ति, स्वच्छता और स्वदेशी भावना को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प है।

# मतदाता सूची से 65 लाख लोगों के नाम क्यों काटे? SIR पर चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में दिया जवाब



नई दिल्ली (एजेंसी)। बिहार में चुनाव आयोग की स्पेशल इंटेंसिव रिविजन प्रक्रिया लगातार विवादों में है। विपक्ष इसपर सवाल खड़े कर रहा है कि इस प्रक्रिया के तहत चुनाव आयोग कई मतदाताओं को सूची से बाहर कर रहा है। वहीं, अब चुनाव आयोग ने इसपर सुप्रीम कोर्ट में जवाब दिया है।

चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में बताया कि बिहार में किसी भी मतदाता से उसका अधिकार नहीं छीना गया है। नोटिस दिए बिना किसी भी मतदाता को वोटर लिस्ट से बाहर नहीं किया जाएगा।

चुनाव आयोग ने क्या कहा- एनडीटीवी की रिपोर्ट के अनुसार, चुनाव आयोग ने कहा कि स्ढ्ढक्रप्रक्रिया के तहत हर मुमकिन प्रयास किए जा रहे हैं कि सभी पात्र मतदाताओं का नाम फाइनल लिस्ट में शामिल रहे। चुनाव आयोग ने सख्त दिशानिर्देश दिए हैं कि किसी भी मतदाता का नाम गलत तरीके से सूची से बाहर न किया जाए।

65 लाख नाम काटने का आरोप- चुनाव आयोग ने शनिवार को सुप्रीम कोर्ट में एफिडेविट दायर करते हुए कहा कि किसी भी स्ढ्ढक्र प्रक्रिया के दौरान नाम शामिल करने और हटाने में कोई लापरवाही नहीं बरती जाएगी। चुनाव आयोग का यह बयान ऐसे समय आया है, जब आयोग पर 65 लाख लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाने का आरोप लगा है।

# सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं, पूर्व CJI डीवाई चंद्रचूड़ की वकीलों को खास सलाह



नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने वकीलों को नौतिकता पर खरे उतरने की हिदायत दी है। उनका कहना है कि सभी वकीलों को अपनी पहचान ÷न्याय के सूत्रधार÷ के रूप में स्थापित करनी चाहिए।

पूर्व सीजेआई चंद्रचूड़ के अनुसार, सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता है। खासकर कानून की पढ़ाई करने वाले अभ्यार्थी जिंदगी भर कुछ न कुछ नया सीखते हैं। वो एक स्वतंत्र विचारक होते हैं।

छत्रपति संभाजीनगर में एक लॉ कॉलेज में छात्रों को संबोधित करते हुए पूर्व सीजेआई ने कहा- वकीलों को अपनी छवि न्याय के सूत्रधारक के रूप में स्थापित करनी चाहिए। उनके लिए न्याय सबसे पहले होना चाहिए। अगर चाहिए तो दूसरों का मार्गदर्शन जरूर लो, मगर आपकी सोच स्वतंत्र होनी चाहिए।

सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि अगर नई पीढ़ी कुछ नया सीखती है और अपने कर्तव्य के प्रति ईमानदार रहती है, तो इस क्षेत्र में आपके सामने ढेरों मौके खुले हैं। आज महिलाएं भी सुपरस्पेशलिटी और तकनीकी शाखाओं में शामिल हो रही हैं।

# सबके बॉस हम हैं, टैरिफ वार के बीच राजनाथ सिंह ने इशारों-इशारों में ट्रंप को दिया करारा जवाब



नई दिल्ली (एजेंसी)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज मध्य प्रदेश के दौरे पर रहे। यहां पर उन्होंने रायसेन के दशहरा मैदान में देश की पहली रेल और मेट्रो कोच निर्माण इकाई ग्रीनफील्ड रेल कोच निर्माण केंद्र की आधारशिला रखी।

इसके बाद उन्होंने यहां पर एक जनसभा को भी संबोधित किया। अपने संबोधन में राजनाथ सिंह ने इशारों ही इशारों में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर निशाना साधा। राजनाथ सिंह ने कहा कि कुछ लोग अपने आप को दुनिया का बॉस समझते हैं। कुछ लोगों को भारत का विकास रास नहीं आ रहा है।

कुछ लोग खुद को बॉस समझते हैं- दरअसल, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कुछ लोग हैं जो भारत की विकास दर से खुश नहीं हैं। उन्हें यह पसंद नहीं आ रहा है। सबके बॉस तो हम हैं, भारत इतनी तेजी से कैसे बढ़ रहा है? और कई लोग कोशिश कर रहे हैं कि भारत में बनी चीजें, भारतीयों के हाथों से बनी चीजें उन देशों में बनी चीजों से ज्यादा महंगी हो जाएं, ताकि जब चीजें महंगी हो जाएं, तो दुनिया उन्हें न खरीदे। यह कोशिश की जा रही है।

उन्होंने कहा कि भारत इतनी तेज़ी से आगे बढ़ रहा है, मैं पूरे विश्वास के साथ कहता हूं कि अब दुनिया की कोई भी ताकत भारत को दुनिया की एक बड़ी ताकत बनने से नहीं रोक सकती।

रक्षा के क्षेत्र में भारत का बढ़ रहा निर्यात- राजनाथ सिंह ने कहा कि जहां तक रक्षा क्षेत्र की बात है, आपको यह जानकर खुशी होगी कि अब हम 24 हज़ार करोड़ रुपये से ज़्यादा की रक्षा वस्तुओं का निर्यात कर रहे हैं।

# कुछ देश केवल इसलिए दादागिरी कर पा रहे हैं, क्योंकि..., ट्रंप टैरिफ पर क्या बोले केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी?



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका ने भारत पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का एलान किया है। ट्रंप के इस फैसले के बाद भारत और अमेरिका के बीच व्यापारिक रिश्तों में तनाव आ गया है। इस बीच टैरिफ के मुद्दे पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने अपनी बात रखी है। उन्होंने एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि आज की दुनिया में जो देश दादागिरी कर रहे हैं, वे ऐसा इसलिए कर पा रहे हैं क्योंकि वे आर्थिक रूप से मजबूत हैं और उनके पास तकनीक है। आइए आपको बताते हैं गडकरी ने और क्या कहा?

भारत को आयात की निर्भरता को कम करना होगा- दरअसल, शनिवार को महाराष्ट के विश्वेश्वरैया राष्टीय प्रौद्योगिकी संस्थान (वीएनआईटी) में बोलते हुए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि भारत के निर्यात को बढ़ाने और आयात को कम करने की आवश्यकता है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अगर हमारे निर्यात और अर्थव्यवस्था की दर बढ़ती है, तो मुझे नहीं लगता कि हमें किसी के पास जाने की जरूरत पड़ेगी। जो लोग दादागिरी कर रहे हैं, वे ऐसा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि वे आर्थिक रूप से मजबूत हैं और उनके पास तकनीक है। अगर हमें बेहतर तकनीक और संसाधन मिल जाए, तो हम किसी पर धौंस नहीं जमाएंगे, क्योंकि हमारी संस्कृति हमें सिखाती है कि विश्व कल्याण सबसे महत्वपूर्ण है।

सभी समस्याओं के समाधान के लिए तकनीक काफी अहम- केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने इस दौरान कहा कि हम वैश्विक स्तर पर विभिन्न समस्याओं का सामना कर रहे हैं।

# इंडिगो एअरलाइन पर लगा 1.5 लाख का जुर्माना, जानिए कंज्यूमर फोरम ने क्यों की कार्रवाई




नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली के एक कंज्यूमर फोरम ने इंडिगो एअरलाइन्स को एक मामले में दोषी ठहराते हुए 1.5 लाख रुपये का मुआवजा देने का निर्देश दिया है। एक महिला ने आरोप लगाया था कि यात्रा के दौरान उसको गंदी और दागदार सीट दी गई थी।

दरअसल, नई दिल्ली जिला उपभोक्ता विवाद निवारण पिंकी नाम की महिला की ओर से दर्ज की गई शिकायत पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें आरोप लगाया गया कि इस साल 2 जनवरी को जब वह बाकू से नई दिल्ली की यात्रा कर रही थी तो उसे अस्वच्छ, गंदी और दागदार सीट दी गई।

# अमेरिका से तनाव के बीच मिडिल ईस्ट से आई गुड न्यूज, भारत-ओमान के बीच जल्द हो सकती है ट्रेड डील

नई दिल्ली (एजेंसी)। जहां एक तरफ भारत और अमेरिका की ट्रेड डील पर सस्पेंस बना हुआ है, तो वहीं मिडिल ईस्ट से भारत के लिए एक अच्छी खबर सामने आई है। भारत और ओमान के बीच जल्द ही ट्रेड डील साइन हो सकती है। दोनों देशों के बीच इसे लेकर बातचीत पूरी हो चुकी है।

भारत के वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने राज्यसभा में बताया कि भारत-ओमान के बीच ट्रेड डील पर बातचीत 2023 में शुरू हुई थी, जो अब पूरी हो चुकी है।



कांग्रेस नेता के सवाल पर दिया जवाब

दरअसल कांग्रेस नेता हेबी माथेर हिशाम ने भारत की ट्रेड डील पर संसद में सवाल पूछा था, जिसके जवाब में केंद्रीय मंत्री जितिन ने बताया कि भारत और ओमान के बीच ट्रेड डील जल्द ही साइन हो सकती है।

भारत और ओमान की दोस्ती काफी पुरानी है। दोनों देश एक-दूसरे के रणनीतिक साझेदार हैं। हमारे बीच 1955 से कूटनीतिक रिश्ते हैं। हालांकि, केंद्रीय मंत्री ने अपने जवाब में ट्रेड डील साइन करने की तारीख का जिक्र नहीं किया।

5 साल में 5 बड़ी ट्रेड डील- केंद्रीय मंत्री जितिन ने सदन में बताया कि पिछले पांच सालों में भारत ने अपने व्यापारिक गठबंधन मजबूत किए हैं। हमने 5 बड़े देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौता साइन किया है। वहीं, कई देशों के साथ नई डील पर बातचीत चल रही है।

पिछले 5 साल के 5 बड़े व्यापार समझौते

2021 - भारत-मॉरीशस व्यापक आर्थिक सहयोग और साझेदारी समझौता

2022 - भारत-यूएई व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता

2022 - भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौता

2024 - भारत-यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ

2025 - भारत-यूके व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता

कई देशों से बातचीत जारी- भारत और यूरोपीय यूनियन के बीच हुई ट्रेड डील इस साल के आखिर तक लागू होने की संभावना है। इसके अलावा भारत श्रीलंका, पेरू, न्यूजीलैंड और अमेरिका के साथ कई ट्रेड डील पर बातचीत कर रहा है।

# अमेरिका में तेजी से फैल रहा कोविड-19 का नया वैरिएंट



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका में हाल ही में एक नए तरह के कोविड- 19 वैरिएंट में इजाफा देखा गया है, जिसके बाद से चिंता बढ़ गई है। एक्सएफजी वैरियंट, जिसे आम बोलचाल की भाषा में स्ट्रेटस कहा जाता है, पूरे अमेरिका के साथ-साथ यूरोपीय देशों में भी तेजी से फैल रहा है।

एक्सएफजी वैरिएंट का पहली बार जनवरी में साउथ-ईस्ट एशिया में पता चला था। यूएसए टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, मई तक इस वैरिएंट के मामले जीरो प्रतिशत से भी कम थे लेकिन जून में इस वैरिएंट के मामलों में तेजी से वृद्धि देखी गई। रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (सीडीसी) ने खुलासा किया है कि जून के अंत तक इस वेरिएंट के 14 प्रतिशत तक मामले होने का अनुमान है।

मार्च के बाद से बढ़ने लगे मामले- अमेरिका में मार्च तक एक्सएफजी का इस भी मामला नहीं था लेकिन धीरे-धीरे ये बढ़ने लगे। अप्रैल में यह 2 प्रतिशत तक पहुंचे, मई के अंत तक ये 6 प्रतिशत, जून की शुरुआत में 11 प्रतिशत और जून के आखिरी में 14 प्रतिशत तक पहुंच गए।

किन-किन राज्यों में फैला नया वैरिएंट- सीडीसी ने पाया कि अलबामा, अलास्का, कैलिफोर्निया, डेलावेयर, फ्लोरिडा, हवाई, केंटकी, लुइसियाना और टेक्सास जैसे राज्यों में उच्च या बहुत उच्च स्तर के मामले पाए जाते हैं। कनेक्टिकट, जॉर्जिया, इंडियाना, मैरीलैंड, मिशिगन, मिनेसोटा, मिसिसिपी, मिसौरी, न्यू जर्सी, न्यूयॉर्क, उत्तरी कैरोलिना, ओहियो, ओक्लाहोमा, ओरेगन, पेंसिल्वेनिया, दक्षिण कैरोलिना, टेनेसी, यूटा, वर्जीनिया, वाशिंगटन और विस्कॉन्सिन सहित अन्य राज्यों में भी मामले बढ़ रहे हैं।

जानिए, नए वैरिएंट एक्सएफजी के बारे में- विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, XFG एक ऐसा वैरिएंट है जो LF.7 और LP.8.1.2 वंशों का पुनर्योगज है। सबसे पहला नमूना 27 जनवरी 2025 को एकत्र किया गया था। अपनी जून की रिपोर्ट में, WHO ने कहा कि XFG को वैश्विक स्तर पर बढ़ते अनुपात के साथ निगरानी में रखा गया है।

विशेषज्ञों ने कहा है कि SARS-CoV-2, वह वायरस जो COVID-19 का कारण बनता है लगातार बदल रहा है। यह समय के साथ अपने आनुवंशिक कोड में उत्परिवर्तन जमा कर रहा है। इसलिए, नए वैरिएंट के सामने आने की उम्मीद है।

नेवादा विश्वविद्यालय, रेनो में माइक्रोबायोलॉजी और इम्यूनोलॉजी के प्रोफेसर सुभाष वर्मा ने यूएसए टुडे को बताया कि इस वैरिएंट के उत्परिवर्तन से इम्यून की प्रतिरक्षा प्रतिक्रियाओं से बचने की क्षमता बढ़ सकती है।

# ऑपरेशन सिंदूर के बाद दूसरी बार अमेरिका पहुंचा आसिम मुनीर, किसे दिया PAK आने का निमंत्रण?



नई दिल्ली (एजेंसी)। ट्रंप शासन में पाकिस्तान और अमेरिका की नजदीकियां काफी बढ़ चुकी है। एक तरफ जहां अमेरिका ने भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया है, वहीं दूसरी ओर वो पाकिस्तान की पैरवी कर रहा है।

एक बार फिर पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर अमेरिका के दौरे पर हैं। आसिम मुनीर ने अमेरिका के शीर्ष राजनीतिक और सैन्य नेताओं से मुलाकात की है। सेना प्रमुख ने वरिष्ठ राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व के साथ-साथ पाकिस्तानी प्रवासियों के साथ उच्च-स्तरीय बातचीत की।

मुनीर ने माइकल कुरिल्ला की जमकर तारीफ की- गौरतलब है कि अमेरिका ने आधिकारिक तौर पर आसिम मुनीर की यात्रा की जानकारी नहीं दी। वहां यह जानकारी भी साझा नहीं की गई कि आखिर कब वो अमेरिका पहुंचे।

फील्ड मार्शल मुनीर ने जनरल माइकल कुरिल्ला के अनुकरणीय नेतृत्व और द्विपक्षीय सैन्य सहयोग को मजबूत करने में उनके अमूल्य योगदान की सराहना की। एडमिरल कूपर को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने साझा सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए निरंतर सहयोग में विश्वास व्यक्त किया।

मुनीर ने जनरल केन को पाक आने का दिया निमंत्रण

आसिम मुनीर ने ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के अध्यक्ष जनरल डैन केन से भी मुलाकात की। दोनों के बीच आपसी पेशेवर हितों के मामलों पर चर्चा हुई। उन्होंने जनरल केन को पाकिस्तान आने का निमंत्रण भी दिया।

## ब्रिटिश विश्वविद्यालयों में छात्रों से जासूसी करा रहा ड्रैगन, चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के इशारे पर हो रहा काम



नई दिल्ली (एजेंसी)। ब्रिटिश विश्वविद्यालयों में चीनी छात्रों से जासूसी कराने का मामला सामने आया है। ब्रेटबार्ट लंदन की एक रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि ये काम चीनी कम्युनिस्ट पार्टी (सीसीपी) के इशारे पर हो रहा है। यूके-चाइना ट्रांसपेरेंसी (यूकेसीटी) की जांच में ब्रिटेन के चीनी अध्ययन कार्यक्रमों में शिक्षाविदों का सर्वेक्षण किया गया।

छात्रों को चीनी अधिकारियों से पूछताछ का करना पड़ता है सामना- ब्रेटबार्ट लंदन ने निष्कर्षों में दावा किया कि यूके में अध्ययन कर रहे चीनी छात्रों पर सीसीपी अधिकारियों और पुलिस की तरफ से अपने सहपाठियों, शैक्षणिक चर्चाओं और कैंपस के आयोजनों पर खुफिया जानकारी जुटाने का दबाव डाला जा रहा है।चीनी छात्रों ने स्वीकार किया कि हर तरफ निगरानी हो रही है

बताया जाता है कि चीनी छात्रों ने स्वीकार किया कि हर तरफ निगरानी हो रही है और कई छात्रों को घर लौटने पर चीनी अधिकारियों से पूछताछ का सामना करना पड़ता है।

ऐसा इसलिए भी किया जा रहा है ताकि वाद-विवाद में हांगकांग, तिब्बत और जिनजियांग में मानवाधिकार हनन के उल्लेख पर चुप्पी लगाई जा सके, जिसे बीजिंग शर्मनाक समझता है।

## अमेरिका ने रोकी अफगान विदेश मंत्री की पाकिस्तान यात्रा




नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका ने अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी की पहले प्लान की हुई पाकिस्तान की यात्रा को ब्लॉक कर दिया। उसने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की ट्रैवल बैन छूट को मंजूरी नहीं दी, जिसकी वजह से आमिर खान को यह यात्रा रोकनी पड़ी।

डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक, मुत्ताकी काबुल और इस्लामाबाद के बीच संबंधों को बेहतर बनाने की हालिया कोशिशों के तहत 4 अगस्त को पाकिस्तान का दौरा करने वाले थे। हाल ही में पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने काबुल का दौरा किया था। अफगानिस्तान के विदेश मंत्री ने यूएनएससी ने लगा रखा है प्रतिबंध

राजनायिक सूत्रों का हवाला देते हुए डॉन ने कहा कि चूंकि अफगानिस्तान के विदेश मंत्री अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों के अधीन हैं, इसलिए संयुक्त राष्ट्र प्रतिबंध समिति से विशेष छूट के बिना उन पर विदेश यात्रा करने पर प्रतिबंध है।

## ट्रंप ने मानी पुतिन की बात, जेलेंस्की के साथ बैठक करने को हुए तैयार; कहां हो सकती है तीनों की मुलाकात



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अलास्का में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन आयोजित करने के लिए तैयार हैं। इस बात की जानकारी व्हाइट हाउस ने शनिवार (09 अगस्त, 2025) को दी।

हालांकि, अधिकारी ने आगे ये भी बताया कि व्हाइट हाउस वर्तमान में पुतिन के अनुरोध पर उनके साथ एक द्विपक्षीय बैठक की योजना बना रहा है। हालांकि जेलेंस्की के इस मीटिंग में आने की पहले अटकलें लगाई जा रही थीं, क्योंकि उनके दौरे को लेकर कोई अंतिम रूप नहीं दिया गया था।

रूस को ही खत्म करना होगा ये युद्ध-ज़ेलेंस्की ने शनिवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर कीव के क्षेत्रों पर कब्जे को वैध बनाने की कोशिश करने का आरोप लगाया, जबकि शांति समझौते की कोशिशें तेज हो रही हैं। उन्होंने कहा कि युद्ध का अंत रूस पर निर्भर करता है और उसे ही वह युद्ध समाप्त करना होगा जो उसने शुरू किया था।

जेलेंस्की ने दी थी ये चेतावनी- वॉशिंगटन और मॉस्को के बीच युद्ध समाप्त करने के लिए शिखर सम्मेलन आयोजित करने पर सहमति बनने के बाद, जेलेंस्की ने शनिवार को चेतावनी दी कि यूक्रेन शांति के लिए रूस को अपनी जमीन नहीं देगा।

## थाईलैंड और कंबोडिया में अभी नहीं टला युद्ध का खतरा? लैंडमाइन विस्फोट के बाद दोनों देश फिर आमने सामने



नई दिल्ली (एजेंसी)। थाईलैंड और कंबोडिया की सीमा पर युद्ध का खतरा अभी पूरी तरह से टला नहीं है। थाईलैंड का आरोप है कि सीमा पर पेट्रोलिंग के दौरान लैंडमाइन फटने से उसके तीन जवान घायल हो गए। वहीं, कंबोडिया ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है।

थाईलैंड की सेना के अनुसार, शनिवार की सुबह लगभग 10 बजे बॉर्डर पर पेट्रोलिंग करते हुए एक भयानक धमाका हुआ। इसमें तीन सैनिक बुरी तरह से घायल हो गए हैं।

ओटावा कंवेशन का उल्लंघन- थाईलैंड- थाईलैंड की आर्मी की प्रवक्ता विन्थाई सुवारी के अनुसार, यह घटना इस बात का सबूत है कि कंबोडिया सीमा पर खतरनाक हथियारों का इस्तेमाल कर रहा है। यह ओटावा कंवेशन का उल्लंघन है।

विन्थाई के अनुसार, अगर कंबोडिया इसी तरह से सीमा पर हथियारों का इस्तेमाल करता रहा, तो इससे सीजफायर की कोशिशें विफल हो सकती हैं और क्षेत्र में शांति स्थापित करना भी मुश्किल हो जाएगा।

कंबोडिया ने किया इनकार- हालांकि कंबोडिया ने थाईलैंड के दावों का खंडन कर दिया है। कंबोडियन माइन एक्शन एंड विक्टिम असिस्टेंस अथॉरिटी ने शनिवार की शाम को कहा, हमने सीमा पर कोई भी नई माइन नहीं बिछाई हैं। सीमा पर लैंडमाइन फटने और तीन सैनिकों के घायल होने का कोई पुख्ता सबूत पेश नहीं किया गया है।

## पाकिस्तान के दोस्त को किस बात का सता रहा डर? सभी मुस्लिम देशों से की साथ आने की अपील; इजरायल के प्लान पर मचा बवाल




नई दिल्ली (एजेंसी)। इजरायल ने दावा किया है कि वह आने वाले कुछ समय में गाजा पर पूरा नियंत्रण लेने की तैयारी में है। इसके विरोध में दुनिया के कई मुस्लिम देश आ गए हैं। इस बीच तुर्किए के विदेश मंत्री हाकन फिदान ने शनिवार को एक महत्वपूर्ण टिप्पणी की है।

दरअसल, उन्होंने एक बयान के दौरान कहा कि मुस्लिम देशों को गाजा शहर पर नियंत्रण रखने के लिए इजरायल की योजना के खिलाफ एकजुट और रैली अंतर्राष्ट्रीय विरोध में काम करना चाहिए।

मिस्र और तुर्की ने किया विरोध- इस बीच क्षेत्रीय शक्तियां मिस्र और तुर्किए दोनों ने शुक्रवार को इजरायल के योजना की निंदा की। इस दौरान दोनों की ओर से कहा गया कि इसने (इजरायल) योजना के कार्यान्वयन को रोकने के लिए वैश्विक उपायों का आह्वान करते हुए इजरायल की नरसंहार और विस्तारवादी नीतियों को एक नए चरण में चिह्नित किया।

बता दें कि तुर्किए के विदेश मंत्री हाकन फिदान ने मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल- सीसी से मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद उन्होंने अपने मिस्री समकक्ष के साथ एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने गाजा की स्थिति पर चिंता जताई और कहा कि इस्लामिक संगठन को एक आपात बैठक के लिए बुलाया गया है। हालांकि, ये भी जानना चाहिए कि ये स्पष्ट नहीं हो सका है कि ये बैठक कहां होगी।

# 2 घंटे का सफर 45 मिनट में! क्यों खास है बेंगलुरु की नम्मा मेट्रो येलो लाइन



नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में है। भारत की सिलिकॉन वैली कहे जाने वाला बेंगलुरु लंबे ट्रैफिक जाम के लिए भी मशहूर है। ऐसे में पीएम मोदी ने बेंगलुरु को नई मेट्रो लाइन के रूप में खास सौगात दी है। नम्मा मेट्रो की यह लाइन दक्षिण बेंगलुरु के आरवी रोड को पूर्व में स्थित बोम्मसंद्रा से जोड़ेगी और यह येलो लाइन के नाम से जानी जाएगी।

पीएम मोदी ने आज इस मेट्रो लाइन का उद्घाटन किया है। 19.15 किलोमीटर का यह कॉरिडोर 7,160 करोड़ रुपये की लागत से बनकर तैयार हुआ है, जिसमें कुल 16 मेट्रो स्टेशन हैं। अनुमान के मुताबिक, इस नए रूट पर हर रोज लगभग 8 लाख लोग सफर करेंगे।

ऑफिस जाने वालों को होगा फायदा

नम्मा मेट्रो की येलो लाइन शुरू होने से सिल्क बोर्ड जंक्शन, क्ब्रूरू लेआउट, इलेक्ट्रॉनिक सिटी और बोम्मसंद्रा जैसे इंडस्ट्रीयल एरिया तक पहुंच आसान हो जाएगी। इंफोसिस, बॉयोकॉन और ब्रूष्ट्स के ज्यादातर कर्मचारियों के घर भी इसी रूट पर हैं, जिससे उन्हें ऑफिस आने-जाने में सुविधा होगी।

क्या होगा समय और किराया- नम्मा मेट्रो की येलो लाइन आम लोगों के लिए 11 अगस्त से चालू की जाएगी। यह मेट्रो सुबह 5 बजे से रात के 11 बजे तक चलेगी। वहीं, हर 25 मिनट के अंतराल पर मेट्रो चलेंगी, जिसे अगले महीने तक घटाकर 20 मिनट करने का प्लान है। इस मेट्रो में एक तरफ का किराया 10-90 रुपये तक होगा। येलो लाइन से लगभग 8 लाख लोगों को फायदा होगा। इससे बेंगलुरु में ट्रैफिक जाम की समस्या से भी निपटने में मदद मिलेगी।

## राहुल जी, आप हर समय झूठ क्यों बोलते हैं? ऑपरेशन सिंदूर पर IAF चीफ के बयान के बाद बरसे किरेन रिजिजू



नई दिल्ली (एजेंसी)। ऑपरेशन सिंदूर पर शनिवार को वायु सेना प्रमुख ने कई बड़े खुलासे किए। वायु सेना प्रमुख एअर मार्शल एपी सिंह ने कहा कि इस दौरान पाकिस्तान के पांच फाइटर जेट सहित 6 विमान मार गिराए। वायुसेना प्रमुख एअर मार्शल एपी सिंह के बयान के बाद केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा है।

दरअसल, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट करते हुए किरेन रिजिजू ने लिखा कि मैं राहुल गांधी जी से अनुरोध करता हूं कि भारत की संसद की मर्यादा बनाए रखे। इस दौरान किरेन रिजिजू ने एक क्लिप भी पोस्ट की, जिसमें राहुल गांधी का बयान और वायु सेना प्रमुख का बयान सुना जा सकता है।

किरेन रिजिजू ने राहुल गांधी पर साधा निशाना- अपने एक्स पोस्ट में किरेन रिजिजू ने लिखा कि मैंने कई विपक्ष के नेताओं को संसदीय मर्यादा का पालन करते हुए देखा है। राहुल गांधी पर हमला करते हुए कहा कि उन्होंने न केवल अपना कद गिराया है, बल्कि भारत की प्रतिष्ठा को भी ठेस पहुंचाई है। जानकारी दें कि संसद में बोलते हुए राहुल गांधी ने दावा किया था कि सरकार ने सेना पर प्रतिबंध लगा दिए।

## तलाक के 3 साल बाद भी नहीं बुझी गुस्से की आग, पति ने एक्स वाइफ का चाकू से काटा गला




नई दिल्ली (एजेंसी)। कांचीपुरम जिले के सुंगुवरचथिरम में एक 42 साल के शख्स को अपनी एक्स वाइफ की हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। महिला के शव को तिरुवल्लूर के जंगल से बरामद कर लिया गया है।

पुलिस ने शनिवार को राजस्व अधिकारियों की मौजूदगी में शव को कब्र से निकाला और पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। आरोपी की पहचान मदन के रूप में हुई, जो एक टैक्सी ड्राइवर है। मदन की शादी वालजाबाद रहने वाली 36 साल की लैला कुमारी से 16 साल पहले हुई थी।

तीन साल पहले उनका तलाक हो गया था और उनके दो बच्चे, एक बेटा और एक बेटी, मदन की देखरेख में थे। बाद में मदन ने वालाजाबाद की ही रहने वाली 30 वर्षीय सुगन्या से शादी कर ली। पुलिस ने बताया कि अलगाव के बावजूद, मदन और उसकी पहली पत्नी कुछ समय पहले फिर से मिले और अक्सर मिलने लगे, जिससे उसकी दूसरी पत्नी के साथ समस्याएं पैदा हो गईं।

मदन ने पुलिस को बताया कि उसे लगता है कि लैला कुमारी ने उस पर कोई जादू कर दिया था, जिसकी वजह से वह उससे फिर से संपर्क में आ गया। 4 अगस्त को, मदन लैला कुमारी को तिरुवल्लूर जिले के थिरुपंडियूर जंगल में ले गया।

## खोया प्यार वापस पाएं! बिछड़े प्रेमियों को मिलाने के नाम पर मुंबई में जालसाजी, 16 लाख का सोना और कैश लेकर हुए फरार



नई दिल्ली (एजेंसी)। मुंबई क्राइम ब्रांच ने राजस्थान के रहने वाले 2 लोगों को हिरासत में लिया है। दोनों पर बड़ी जालसाजी का आरोप है। मुंबई क्राइम ब्रांच के अनुसार, प्यार में जिन लोगों का दिल टूट जाता था, दोनों आरोपी ऐसे ही लोगों को अपना शिकार बनाते थे और बिछड़े प्रेमी-प्रेमिकाओं को मिलाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी को अंजाम देते थे।

पुलिस ने दोनों के पास से भारी संख्या में सोने के आभूषण और नकदी भी बरामद की है। पुलिस को 1 अगस्त को इस मामले की भनक लगी थी, जिसके बाद पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। चोरी से शुरू हुआ सिलसिला- मुंबई क्राइम ब्रांच के अनुसार, 1 अगस्त को 52 वर्षीय महिला ने शिकायत दर्ज करवाई। महिला का कहना था कि कुछ अनजान लोग अचानक उसके घर में घुस आए और 129 ग्राम सोना समेत 3.2 लाख रुपये उठा ले गए। यह पूरा सामान 16.2 लाख रुपये का था। पुलिस ने चोरों के खिलाफ FIR दर्ज कर ली और मामले की छानबीन शुरू की।

24 घंटे में पैचअप करवाने का वादा- मुंबई क्राइम ब्रांच ने जब मामले की तह तक जाने की कोशिश की, तो चौंकाने वाली चीजें निकलकर सामने आई। पीड़ित महिला की बेटी का हाल ही में ब्रेकअप हुआ था। ब्रेकअप के बाद उसने इंस्टाग्राम पर इरफान खानजी नामक शख्स से बात की थी। इस बातचीत में कथित आरोपी ने 24 घंटे के अंदर उसे उसका प्यार वापस दिलाने का आश्वन दिया था।

पुलिस के अनुसार, पीड़िता की बेटी ने अपने प्यार को दोबारा हासिल करने की उम्मीद से इरफान को अपना मोबाइल नंबर दे दिया। एक शख्स ने खुद को पादरी बताते हुए उसके पास फोन किया और उसे यकीन दिलाया कि कुछ अनुष्ठान करने से उसे उसका प्यार वापस मिल जाएगा।

## सुसाइड या मर्डर? पत्नी की मौत के 1 महीने बाद भारत लौटा पति, केरल पुलिस ने दबोचा



नई दिल्ली (एजेंसी)। केरल की रहने वाली 29 साल की अतुल्य शेखर की मौत के एक महीने बाद उनके पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। UAE से वापस आए अतुल्य के पति सतीश को पुलिस ने तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय एअरपोर्ट से हिरासत में लिया और उसे कोल्लम स्थित थेक्कुम्भगम पुलिस को सौंप दिया गया है।


सतीश के खिलाफ अतुल्य की हत्या, मारपीट करने, दहेज मांगने समेत कई बड़े आरोप हैं। हालांकि, सतीश ने भारत आने से पहले ही जिला न्यायालय से अग्रिम जमान ले ली थी। ऐसे में पुलिस ने बयान दर्ज करके सतीश को रिहा कर दिया।

माता-पिता ने लगाए गंभीर आरोप- केरल के गृह मंत्रालय ने इस मामले की जांच क्राइम ब्रांच को सौंप दी है। बता दें कि अतुल्य के माता-पिता ने सतीश के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई है। उनका कहना है कि सतीश उनकी बेटी का शारीरिक शोषण करता था और दहेज के नामपर उसे प्रताड़ित किया कर रहा था। उनकी बेटी फोन पर अक्सर अपने साथ हुई ज्यादती का किस्सा बताती थी।

19 जुलाई को जब पता चला कि अतुल्य ने UAE में सुसाइड कर ली है, तो पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ पड़ी। अतुल्य ने शारजाह स्थित अपने फ्लैट में ही फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। उसके पार्थिक शरीर को UAE से केरल लाया गया, जहां परिपल्ली मेडिकल कॉलेज में अतुल्य का पोस्टमार्टम हुआ।

पति ने क्या कहा- UAE की शारजाह पुलिस ने अतुल्य की मौत को आत्महत्या करार दिया है। हालांकि, अतुल्य के परिवार ने इस हत्या का जिम्मेदार उसके पति सतीश को ठहराया है। वहीं, सतीश ने भी इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। सतीश ने पत्नी के साथ गलत बर्ताव करने की बात स्वीकारते हुए कहा था, मैं उसकी मौत का कारण नहीं हूं।

## रक्षाबंधन पर बहन का सिंदूर मिटाने का था प्लान, पिस्टल लेकर पहुंचा जीजा के घर; जाल में ऐसा फंसा कि हो गई जेल



नई दिल्ली (एजेंसी)। रक्षाबंधन भाई-बहन के रिश्ते की रक्षा का दिन होता है लेकिन अहमदाबाद में एक भाई ने अपनी बहन का सिंदूर मिटाने का प्लान बना डाला और जीजा के घर पिस्टल लेकर पहुंच गया।

क्राइम ब्रांच के स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने एक 23 साल के युवक को गिरफ्तार किया है। उसके पास के एक देसी पिस्तौल और 8 कारतूस बमरामद हुए। वह अपने जीजा से बदला लेने की योजना बना रहा था क्योंकि उसकी बहन ने परिवार की मर्जी के खिलाफ जाकर शादी की थी।

पुलिस ने क्या कहा- पुलिस का कहना है कि ओधव गांव में परिवार की मर्जी के बिना उसकी बहन ने दूसरे समुदाय के एक शख्स से शादी कर ली थी और इस बात से वह बेहद आहत था। पुलिस ने कहा, उसको लग रहा था कि उसकी बहन ने परिवार का अपमान किया है। इसके बाद इस नौजवान ने जीजा को धमकाने का फैसला किया।

रक्षाबंधन पर जीजा को सबक सिखाने की खाई कसम- जिस दिन बहनें भाइयों की कलाई पर राखी बांधती हैं, उस दिन ये युवक अपने जीजा पर ट्रिगर दबाने की सोच रहा था। एसओसी का कहना है कि समय रहते उसने कार्रवाई की। गश्त के दौरान अधिकारियों की सूचना मिली कि एक युवक हथियारों के साथ घूम रहा है। निगरानी करने के बाद उसके वाहन को रोका गया और तलाशी के दौरान एक प्लास्टिक की थैली में पिस्तौल और कारतूस मिले।


पुलिस का कहना है कि युवक का इरादा अपने जीजा को सिर्फ धमकाने का था लेकिन 8 कारतूस बरामद होने के बाद जांचकर्ता सुनियोजित हत्या की संभावना से भी इनकार नहीं कर रहे हैं। उसने एक दोस्त के जरिए 40 हजार रुपये में ये हथियार खरीदा था और इसका भुगतान ऑनलाइन किया था।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उजैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए।
पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

हिन्दकुश
हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्
सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।



विक्रम संवत 2079 शुक्ल द्वतीया

## संपादकीय


# अमेरिका की अनेक देशों के साथ टकराहट, फिर उनके ऊपर आर्थिक सामायिक प्रतिबंधों को लगाना..



वैश्विक स्तरपर वैसे तो अमेरिका की अनेक देशों के साथ टकराहट, फिर उनके ऊपर आर्थिक सामायिक प्रतिबंधों को लगाना, वैश्विक वित्तीय संस्थाओं का मुंह मोड़ना, जैसे अनेक किस हम सुनते रहते हैं, जिसके कारण वे देश आर्थिक खस्ताहाली क़े शिकार हो जाते हैं पर परंतु वर्तमान भारत अमेरिका के हालातो को देखते हुए,मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र,आज 45 वर्षों के लेखन कार्य के इतिहास में व शायद भारत-अमेरिका दोस्ती के इतिहास में पहली बार इतनी टकराहट देख रहा हूं, कि भारत पर 50 पेर्सेंट टैरिफ लगाना व इसके बढ़ाने की धमकी देना तथा फिर प्रतिबंधों की बारी भी आ सकती है,जिससे हमारे प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिक, इलेक्ट्रिकल व फार्मेसी इत्यादि क्षेत्रों में कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। जिसपर मेरा मानना है कि इस संभावित होने वाले प्रभाव पर रणनीतिक रूप से काम करना शुरू हो गया होगा? इसके साथ ही भारत क़ा अपनी रणनीति कूटनीति पर भी काम शुरू हो गया होगा। अभी पीएम की रूसी राष्ट्रपति से बात हुई,संभवत वे नवंबर दिसंबर में भारत दौरे पर आ सकते हैं। वही हमारे पीएम 28 से 30 अगस्त 2025 को जापान, फिर 31 अगस्त से 1 सितंबर 2025 को एससीओ सम्मिट में चीन जाएंगे,जिसमे चीनी विदेश मंत्रालय के अनुसार भारतीय पीएम के आने की उत्सुकता है,व संभावना है कि इस टैरिफ रूपी आपदा को अवसर के रूप में बदलने की रणनीति हो सकती है, जिसनें अमेरिका को भी सखूतें में डाल दिया है?क्योंकि मुझे ऐसा लग रहा है कि जिस सोच क़े साथ ट्रंप ने भारत पर इतनी भारी मात्रा में टैरिफ लगाया है, वह सोच शायद उल्टी पड़ रही है? और हो सकता है कि बातचीत को हथियार बनाकर टैरिफ को हटा भी दिया जाए तो आश्चर्य वाली बात नहीं होगी!परंतु भारत तो अपनी तैयारी में लग गया है, अगर इस बार रूस चीन भारत ब्राजील ईरान इत्यादि देशों का ग्रुप बन गया तो, वैश्विक कूटनीति व भू-राजनीतिक समीकरण में एक नया मोड़ आ जाएगा जो पश्चिमी विश्व के लिए भू-राजनीतिक भूचाल ला सकताहै।इसलिए आज हम मीडिया में उपयोग जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यमसे चर्चा करेंगे,सुनिए बाबूजी! यह भारत है-अमेरिका भारत डायरेक्ट टकराहट अंतर्राष्ट्रीय शक्ति संतुलन की दिशा को प्रभावित कर सकता है।

साथियों बात अगर हम अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गए टैरिफ का प्रभाव भू-राजनीतिक प्रभाव पर पढ़ने की करें तो,अंतरराष्ट्रीय राजनीति में आर्थिक हथियारों का इस्तेमाल कोई नई बात नहीं है, लेकिन जब यह हथियार दुनियाँ की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था, यानी अमेरिका, चलाता है तो उसके प्रभाव वैश्विक होते हैं। हाल ही में अमेरिका ने भारत पर टैक्स लगाने का फैसला किया और साथ ही प्रतिबंध लगाने की संभावना के संकेत भी दिए। यह कदम न केवल भारत-अमेरिका संबंधों में तनाव का कारण बन रहा है,बल्कि इसके पीछे एक और बड़ा खतरा छिपा है-भारत, चीन और रूस का संभावित ध्रुवीकरण। यह गठजोड़, यदि मजबूत हुआ, तो अमेरिका के लिए एक ऐसी भू-राजनीतिक चुनौती बन सकता है जो उसके दशकों से कायम आर्थिक और रणनीतिक प्रभुत्व को हिला देगी। अमेरिका और भारत के बीच हाल के समय में बढ़ता तनाव वैश्विक कूटनीति और भू- राजनीतिक समीकरणों में एक नए मोड़ की आहट देता है। ÷अमेरिका -भारत डायरेक्ट÷ मामले पर जो मतभेद उभर कर आए हैं, वे केवल द्विपक्षीय विवाद तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि यह पूरी अंतरराष्ट्रीय शक्ति-संतुलन की दिशा को प्रभावित कर सकते हैं। इस मुद्दे ने जहां भारत और अमेरिका के बीच

# खुदीराम बोस



खुदीराम बोस मात्र 19 साल की उम्र में हिन्दुस्तान की आज़ादी के लिये फाँसी पर चढ़ने वाले क्रांतिकारी थे। भारतीय स्वाधीनता संग्राम का इतिहास क्रांतिकारियों के सैकड़ों साहसिक कारनामों से भरा पड़ा है। ऐसे ही क्रांतिकारियों की सूची में एक नाम खुदीराम बोस का है।

जीवन परिचय- खुदीराम बोस का जन्म 3 दिसंबर, 1889 ई. को बंगाल में मिदनापुर ज़िले के हबीबपुर गाँव में त्रैलोक्य नाथ बोस के यहाँ हुआ था। खुदीराम बोस जब बहुत छोटे थे, तभी उनके माता-पिता का निधन हो गया था। उनकी बड़ी बहन ने उनका लालन-पालन किया था। सन 1905 में बंगाल का विभाजन होने के बाद खुदीराम बोस देश के मुक्ति आंदोलन में कूद पड़े थे। सत्येन बोस के नेतृत्व में खुदीराम बोस ने अपना क्रांतिकारी जीवन शुरू किया था।

अंग्रेज़ी साम्राज्यवाद के खि़लाफ़- खुदीराम बोस राजनीतिक गतिविधियों में स्कूल के दिनों से ही भाग लेने लगे थे। उन दिनों अंग्रेज़ों से छोटे-छोटे हिन्दुस्तानी स्कूली बच्चे भी नफ़रत किया करते थे। वे जलसे जलूसों में शामिल होते थे तथा अंग्रेज़ी साम्राज्यवाद के खि़लाफ़ नारे लगाते थे। बोस को गुलामी की बेड़ियों से जकड़ी भारत माता को आज़ाद कराने की ऐसी लगन लगी कि उन्होंने नौवीं कक्षा के बाद ही पढ़ाई छोड़ दी और सिर पर कफ़न बांधकर जंग-ए-आज़ादी में कूद पड़े।

पार्टी के सदस्य- वह रिवोल्यूशनरी पार्टी के सदस्य बने और वंदेमातरम पंफलेट वितरित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। 1905 में बंगाल विभाजन के विरोध में चलाए गए आंदोलन में भी उन्होंने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

बहिष्कार आन्दोलन में भाग- पुलिस ने 28 फ़रवरी, सन् 1906 ई. को सोनार बंगला नामक एक इश्तहार बाँटते हुए बोस को दबोच लिया। लेकिन बोस मज़बूत थे। पुलिस की बोस ने पिटाई की और उसके शिकंजे से भागने में सफल रहे। 16 मई, सन् 1906 ई. को एक बार फिर पुलिस ने उन्हें गिरफ़्तार कर लिया, लेकिन उनकी आयु कम होने के कारण उन्हें चेतावनी देकर छोड़ दिया गया था। 6 दिसम्बर, 1907 को बंगाल के नारायणगढ़ रेलवे स्टेशन पर किए गए बम विस्फोट की घटना में भी बोस भी शामिल थे। उन्होंने अंग्रेज़ी चीज़ों के बहिष्कार आन्दोलन में बढ़चढ़ कर भाग लिया।

मुजफ्फरपुर काण्ड- उन दिनों कोलकाता का चीफ प्रेसिडेंसी मजिस्ट्रेट किंग्सफोर्ड राजनीतिक कार्यकर्त्ताओं को अपमानित और दंडित करने के लिए बहुत बदनाम था। क्रांतिकारियों ने उसे समाप्त करने का काम प्रफुल्ल चाकी और खुदीराम बोस को सौंपा। सरकार ने किंग्सफोर्ड के प्रति लोगों के आक्रोश को भांपकर उसकी सुरक्षा की दृष्टि से उसे सेशन जज बनाकर मुजफ्फरपुर भेज दिया। पर दोनों क्रांतिकारी भी उसके पीछे-पीछे पहुँच गए। किंग्सफोर्ड की गतिविधियों का अध्ययन करने के बाद उन्होंने 30 अप्रैल, 1908 को यूरोपियन क्लब से बाहर निकलते ही किंग्सफोर्ड की बग्घी पर बम फेंक दिया। किन्तु दुर्भाग्य से उस समान आकार-प्रकार की बग्घी में दो यूरोपियन महिलाएँ बैठी थीं जो कि पिंग्ले कैनेडी नामक एडवोकेट की पत्नी और बेटी थी, वे मारी गईं। क्रांतिकारी किंग्सफोर्ड को मारने में सफलता समझ कर वे घटना स्थल से भाग निकले।

ब्रिटिश राज के विरुद्ध- भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के आरंभिक चरण में कई क्रांतिकारी ऐसे थे जिन्होंने ब्रिटिश राज के विरुद्ध आवाज़ उठाई। खुदीराम बोस भारत की स्वतंत्रता के संघर्ष के इतिहास में संभवतया सबसे कम उम्र के क्रांतिकारी थे, जो भारत माँ के सपूत कहे जा सकते हैं। बंगाल के विभाजन के बाद दुखी होकर खुदीराम बोस ने स्वतंत्रता के संघर्ष में अपनी क्रांतिकारी गतिविधियों से एक मशाल चलाई। उन्होंने ब्रिटिश राज के बीच डर फैलाने के लिए एक ब्रिटिश अधिकारी के वाहन पर बम डाल दिया।

क्रान्तिकारियों द्वारा साज़िश- कलकत्ता में उन दिनों किंग्सफोर्ड चीफ प्रेंसीडेसी मजिस्ट्रेट था। वह बहुत सख़्त और क्रूर अधिकारी था। वह अधिकारी देश भक्तों, विशेषकर क्रांतिकारियों को बहुत तंग करता था। उन पर वह कई तरह के अत्याचार करता। क्रान्तिकारियों ने उसे मार डालने की ठान ली थी। युगान्तर क्रांतिकारी दल के नेता वीरेन्द्र कुमार घोष]ने घोषणा की कि किंग्सफोर्ड को मुज़फ्फरपुर में ही मारा जाएगा। इस काम के लिए खुदीराम बोस तथा प्रपुल्ल चाकी को चुना गया।

ये दोनों क्रांतिकारी बहुत सूझबूझ वाले थे। इनकी खुशी का कोई ठिकाना नहीं था। देश भक्तों को तंग करने वालों को मार डालने का काम उन्हें सौंपा गया था। एक दिन वे दोनों मुज़फ्फरपुर पहुँच गए। वहीं एक धर्मशाला में वे आठ दिन रहे। इस दौरान उन्होंने किंग्सफोर्ड की दिनचर्या तथा गतिविधियों पर पूरी नज़र रखी। उनके बंगले के पास ही क्लब था। अंग्रेज़ी अधिकारी और उनके परिवार अक्सर सायंकाल वहाँ जाते थे।

30 अप्रैल, 1908 की शाम किंग्स फोर्ड और उसकी पत्नी क्लब में पहुँचे। रात्रि के साढ़े आठ बजे मिसेज कैनेडी और उसकी बेटी अपनी बग्घी में बैठकर क्लब से घर की तरफ आ रहे थे। उनकी बग्घी का रंग लाल था और वह बिल्कुल किंग्सफोर्ड की बग्घी से मिलती-जुलती थी। खुदीराम बोस तथा उसके साथी ने किंग्सफोर्ड की बग्घी समझकर उस पर बम फेंक दिया। देखते ही देखते बग्घी के परखचे उड़ गए। उसमें सवार माँ बेटी दोनों की मौत हो गई। क्रांतिकारी इस विश्वास से भाग निकले कि किंग्सफोर्ड को मारने में वे सफल हो गए है।

खुदीराम बोस की गिरफ़्तारी- खुदीराम बोस और घोष 25 मील भागने के बाद एक रेलवे स्टेशन पर पहुँचे। खुदीराम बोस पर पुलिस को इस बम कांड का संदेह हो गया और अंग्रेज़ पुलिस उनके पीछे लगी और वैनी रेलवे स्टेशन पर उन्हें घेर लिया। अपने को पुलिस से घिरा देख प्रफुल्ल चंद ने खुद को गोली मारकर शहादत दे दी पर खुदीराम पकड़े गए। उनके मन में तनिक भी भय की भावना नहीं थी। खुदीराम बोस को जेल में डाल दिया गया और उन पर हत्या का मुक़दमा चला। अपने बयान में स्वीकार किया कि उन्होंने तो किंग्सफोर्ड को मारने का प्रयास किया था। लेकिन उसे इस बात पर बहुत अफ़सोस है कि निर्दोष कैनेडी तथा उनकी बेटी ग़लती से मारे गए।

शहादत- मुक़दमा केवल पाँच दिन चला। 8 जून, 1908 को उन्हें अदालत में पेश किया गया और 13 जून को उन्हें प्राण दण्ड की सज़ा सुनाई गई। इतना संगीन मुक़दमा और केवल पाँच दिन में समाप्त। यह बात न्याय के इतिहास में एक मज़ाक बना रहेगा। 11 अगस्त, 1908 को इस वीर क्रांतिकारी को फाँसी पर चढ़ा दिया गया। उन्होंने अपना जीवन देश की आज़ादी के लिए न्यौछावर कर दिया

लोकप्रियता- मुज़फ्फरपुर जेल में जिस मजिस्ट्रेट ने उन्हें फाँसी पर लटकाने का आदेश सुनाया था, उसने बाद में बताया कि खुदीराम बोस एक शेर के बच्चे की तरह निर्भीक होकर फाँसी के तख़्ते की ओर बढ़ा था। जब खुदीराम शहीद हुए थे तब उनकी आयु 19 वर्ष थी। शहादत के बाद खुदीराम इतने लोकप्रिय हो गए कि बंगाल के जुलाहे उनके नाम की एक ख़ास किस्म की धोती बुनने लगे। इनकी शहादत से समूचे देश में देशभक्ति की लहर उमड़ पड़ी थी। इनके साहसिक योगदान को अमर करने के लिए गीत रचे गए और इनका बलिदान लोकगीतों के रूप में मुखरित हुआ। इनके सम्मान में भावपूर्ण गीतों की रचना हुई जिन्हें बंगाल के लोक गायक आज भी गाते हैं।

क्रांतिकारी आंदोलन का प्रथम शहीद- इतिहासकार शिरोल के अनुसार- बंगाल के राष्ट्रवादियों के लिए वह शहीद और अधिक अनुकरणीय हो गया। विद्यार्थियों तथा अन्य लोगों ने शोक मनाया। स्कूल-कॉलेज बंद रहे और नौजवान ऐसी धोती पहनने लगे जिनकी किनारी पर खुदीराम लिखा होता था। खुदीराम बोस को भारत की स्वतंत्रता के लिए संगठित क्रांतिकारी आंदोलन का प्रथम शहीद माना जाता है। अपनी निर्भीकता और मृत्यु तक को सोत्साह वरण करने के लिए वे घर-घर में श्रद्धापूर्वक याद किए जाते हैं।

# नितिन कामथ की जीरोधा नहीं बल्कि ये है देश की सबसे बड़ी ब्रोकरेज फर्म




नई दिल्ली (एजेंसी)। अगर शेयर मार्केट में निवेश करते हैं तो किसी न किसी ब्रोकरेज फर्म के जरिए ही करते होंगे। लेकिन क्या आप जानते हैं कि देश की सबसे बड़ी ब्रोकिंग फर्म कौन सी है? नहीं तो चलिए हम बताते हैं। ब्रोकिंग एप ग्रो निवेशकों की पहली पसंद बन गया है।

जून 2025 तक के आंकड़ों के मुताबिक, ग्रो सबसे आगे है, जिसके पास 125.80 लाख एक्टिव क्लाइंट्स हैं। इसके बाद नितिन कामथ का जीरोधा एप और एंजल वन जैसे बड़े नाम भी लिस्ट में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। ये आंकड़े बताते हैं कि लोग अब शेयर बाजार में निवेश को लेकर कितने उत्साहित हैं, खासकर युवा वर्ग। आइए, इस लिस्ट को विस्तार से देखते हैं और समझते हैं कि कौन-कौन से ब्रोकर सबसे आगे हैं।

ये आंकड़े दिखाते हैं कि डिजिटल प्लेटफॉर्म्स ने निवेश को आसान बनाया है। लोग अब घर बैठे शेयर बाजार में कदम रख रहे हैं। आने वाले समय में ये आंकड़े और बढ़ सकते हैं, क्योंकि स्टॉक मार्केट का क्रेज लगातार बढ़ रहा है।ग्रो की इस स्ट्रैटजी ने बनाया नंबर-1

अब सवाल यह है कि आखिर ग्रो ने ऐसा क्या किया, जो वह देश का सबसे पसंदीदा ब्रोकरेज फर्म बन गया?

इसके मुख्य पांच कारण हैं- सिंपल और यूज़र-फ्रेंडली ऐप- ग्रो का इंटरफ़ेस इतना आसान है कि नए निवेशक भी बिना झिझक ट्रेडिंग शुरू कर सकते हैं।

लो-कॉस्ट ब्रोकरेज- कई सेवाएं या तो फ्री में या बहुत कम शुल्क पर मिलती हैं।

विविध निवेश विकल्प- स्टॉक्स के साथ म्यूचुअल फंड, IPO, F&O सब एक ही प्लेटफ़ॉर्म पर।

आक्रामक मार्केटिंग और सोशल मीडिया एंगेजमेंट- यंग ऑडियंस को टारगेट कर ब्रांड को पॉपुलर बनाया।

टियर-2 और टियर-3 शहरों में पकड़- छोटे शहरों में भी आसान ऑनबोर्डिंग और हिंदी-स्थानीय भाषा सपोर्ट दिया।

बता दें कि ग्रो के फाउंडर ललित केशरे, हर्ष जैन, ईशान बंसल और नीरज सिंह हैं। ये चारों फ्लिपकार्ट के पूर्व कर्मचारी थे, जिन्होंने 2016 में ग्रो की शुरुआत की थी।

## लगातार छठे हफ्ते गिरा मार्केट, बहुत अहम सपोर्ट लेवल से नीचे आया Nifty



नई दिल्ली (एजेंसी)। घरेलू शेयर बाजार में लगातार छठे हफ्ते गिरावट का सिलसिला जारी रहा। लगातार बिकवाली के दबाव ने Nifty को 24,450 के अहम सपोर्ट लेवल से नीचे धकेल दिया। इंडेक्स न केवल इस लेवल से नीचे गिरा, बल्कि बीते सप्ताह लगभग 1त्न की गिरावट के साथ बंद हुआ।

विदेशी संस्थागत निवेशकों की तरफ से लगातार बिकवाली और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से पेश किए गए नए टैरिफ उपायों को लेकर बढ़ती चिंताओं के कारण मार्केट में कमजोरी का रुझान बना। पटेल के अनुसार बीते सप्ताह भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति घोषणा (जिसमें ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं हुआ) कोई राहत देने में विफल रही। ट्रेडर्स को घरेलू शेयर बाजारों में सुस्ती को रोकने के लिए नरम रुख की उम्मीद थी, लेकिन नए नीतिगत उपायों के न होने के कारण बाजार और गिरावट की चपेट में आ गया।

टेक्निकल चार्ट से क्या मिल रहा संकेत- पटेल के मुताबिक टेक्निकल चार्ट पहले से ही सतर्कता का संकेत दे रहे थे। पिछले हफ़्ते के एनालिसिस में, यह देखा गया था कि 24,450 से नीचे लगातार बने रहने से बिकवाली का दबाव बढ़ सकता है। यह अनुमान अब सच साबित हो गया है, और इंडेक्स 24,000-23,800 के दायरे की ओर बढ़ रहा है।

# अगले हफ्ते आ रहे नए आईपीओ




नई दिल्ली (एजेंसी)। लगभग हर हफ्ते ही शेयर बाजार में नए-नए IPO आते हैं। अगले हफ्ते भी शेयर बाजार में 4 नए IPO आने वाले हैं। इनमें से दो आईपीओ मेनबोर्ड के होंगे, जबकि 2 आईपीओ एसएमई होंगे। मेनबोर्ड के आईपीओ में ब्लूस्टोर ज्वैलरी एंड लाइफस्टाइल और रीगल रिसोर्सेज शामिल हैं।

वहीं एसएमई आईपीओ में महेंद्र रियल्टर्स एंड इंफ्रास्ट्रक्चर और आईकोडेक्स पब्लिशिंग सॉल्यूशंस शामिल हैं। आइए जानते हैं इन सभी की डिटेल।

आईकोडेक्स पब्लिशिंग सॉल्यूशंस- आईकोडेक्स पब्लिशिंग सॉल्यूशंस का आईपीओ 11 अगस्त को खुलकर 13 अगस्त को बंद होगा। इसके आईपीओ में शेयरों का प्राइस बैंड 98-102 रु है। हालांकि इंवेस्टरगेन के अनुसार इसका जीएमपी सिर्फ 2 रु है।

ब्लूस्टोर ज्वैलरी एंड लाइफस्टाइल- ब्लूस्टोर ज्वैलरी एंड लाइफस्टाइल का आईपीओ भी 11 अगस्त को खुलकर 13 अगस्त को बंद होगा। इसके आईपीओ में शेयरों का प्राइस बैंड 492-517 रु है। इंवेस्टरगेन के अनुसार इसका जीएमपी 12 रु है। ब्लूस्टोन, जिसकी स्थापना 2011 में गौरव सिंह कुशवाहा ने बेंगलुरु में की थी, फाइन ज्वैलरी के लिए भारत के सबसे बड़े ई-कॉमर्स पोर्टल में से एक है।

रीगल रिसोर्सेज- रीगल रिसोर्सेज का आईपीओ भी 12 अगस्त को खुलकर 14 अगस्त को बंद होगा। इसके आईपीओ में शेयरों का प्राइस बैंड 96-102 रु है। इंवेस्टरगेन के अनुसार इसका जीएमपी 22 रु है। रीगल रिसोर्सेज एक भारतीय प्रमुख एग्रो-प्रोसेसिंग कंपनी है जो बेस्ट क्वालिटी वाले मक्का स्टार्च, स्पेशियलिटी स्टार्च, फूड ग्रेड स्टार्च और स्टार्च डेरिवेटिव्स प्रोडक्ट्स बनाती है।

महेंद्र रियल्टर्स एंड इंफ्रास्ट्रक्चर- इसका आईपीओ भी 12 अगस्त को खुलकर 14 अगस्त को बंद होगा। आईपीओ में शेयरों का प्राइस बैंड 75-80 रु है। वहीं इसका जीएमपी सिर्फ 6 रु है। महेंद्र रिलेटर्स एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड मुंबई की एक लीडिंग कंस्ट्रक्शन कंपनी है जिसकी शुरुआत 2007 में हुई थी।

## शेयर बाजार में गिरावट के बावजूद पिछले हफ्ते चमके ये शेयर




नई दिल्ली (एजेंसी)। पिछले हफ्ते भारतीय शेयर बाजार लगातार छठे हफ्ते गिरावट के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स और निफ्टी 50 दोनों में काफी ज्यादा कमजोरी आई। शुक्रवार, 8 अगस्त को समाप्त सप्ताह में दोनों प्रमुख सूचकांकों में लगभग 1 प्रतिशत नीचे फिसले। वहीं बीएसई मिडकैप में 1.3 प्रतिशत और स्मॉलकैप सूचकांक में लगभग 2 प्रतिशत कमजोर हुए।

फिर भी 5 शेयरों ने 5 दिनों में ही 64.4 फीसदी तक रिटर्न दिया। ध्यान रहे कि इन शेयरों में माइक्रो और स्मॉल कैप कंपनियां शामिल हैं, जिनमें बहुत अधिक जोखिम होता है। आइए जानते हैं इन शेयरों के बारे में। Shree Pacetronix का शेयर पिछले हफ्ते 73.80 रु से 121.34 रु पर पहुंच गया, जिससे निवेशकों को 64.42 फीसदी रिटर्न मिला। शुक्रवार को ये 11.03 रु या 10 फीसदी की मजबूती के साथ 121.34 रु पर बंद हुआ। इस रेट पर कंपनी की मार्केट कैपिटल 43.68 करोड़ रु है।

दूसरे नंबर पर रहा Pioneer Investcorp का शेयर, जिसने पिछले हफ्ते 43.08 फीसदी फायदा कराया। इसका शेयर पिछले हफ्ते 57.92 रु से 82.87 रु पर पहुंच गया। शुक्रवार को कंपनी का शेयर 13.81 रु या 20 फीसदी की मजबूती के साथ 101.90 रु पर बंद हुआ, जिस रेट पर इसकी Mcap 101.90 करोड़ रु है।

# तो ये शेयर अगले हफ्ते होंगे Ex-Dividend, लिस्ट में रिलायंस इंडस्ट्रीज, जियो फाइनेंशियल, आईसीआईसीआई बैंक और इंडिगो शामिल

नई दिल्ली (एजेंसी)। क्क्स्श्च के अनुसार, रिलायंस इंडस्ट्रीज, जियो फाइनेंशियल सर्विसेज, आईसीआईसीआई बैंक, कंटेनर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया, इंटरग्लोब एविएशन और अन्य कई कंपनियों के शेयर अगले हफ्ते एक्स-डिविडेंड कारोबार करेंगे। कई प्रमुख कंपनियों ने कई तरह के कॉरपोरेट एक्शंस का ऐलान किया है। इनमें बोनस शेयर इश्यू, स्टॉक स्प्लिट, शेयर बायबैक आदि शामिल हैं।




क्या होता है एक्स-डिविडेंड स्टॉक- वह डेट जिस दिन इक्विटी शेयर की कीमत आगामी डिविडेंड पेमेंट को दर्शाने के लिए एडजस्ट हो जाती है, उसे एक्स-डिविडेंड डेट कहा जाता है। जब कोई शेयर एक्स-डिविडेंड हो जाता है, तो यह दर्शाता है कि उस डेट से शेयर अपने अगले डिविडेंड पेमेंट के प्राइस को शामिल नहीं करता है।

11 अगस्त को एक्स-डिविडेंड होने वाले शेयर- अक्जो नोबेल इंडिया, कैस्ट्रॉल इंडिया, ग्लोबस स्पिरिट्स, जीपीटी इंफ्राप्रोजेक्ट्स, इंडो काउंट इंडस्ट्रीज, जियो फाइनेंशियल सर्विसेज, के.पी. एनर्जी, केपीआई ग्रीन एनर्जी, कल्याणी स्टील्स, नीलामलाई एग्रो इंडस्ट्रीज, राशि पेरिफेरल्स, श्री दिनेश मिल्स, स्टारटेक फाइनेंस और टैनवाला केमिकल्स एंड प्लास्टिक्स (इंडिया) लिमिटेड

12 अगस्त को एक्स-डिविडेंड होने वाले शेयर- अरविंद फैशन्स, एक्सटेल इंडस्ट्रीज, द्वारिकेश शुगर इंडस्ट्रीज, ग्रासिम इंडस्ट्रीज, एच.जी. इंफ्रा इंजीनियरिंग, आईसीआईसीआई बैंक, इंडिया पेस्टिसाइड्स, केआईएफएस फाइनेंशियल सर्विसेज, एनजीएल फाइन केम और राइट्स

13 अगस्त को एक्स-डिविडेंड होने वाले शेयर- ब्रिगेड एंटरप्राइजेज, कंटेनर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया, क्रेस्टकेम, दाई-इची करकारिया, गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, एचईजी, इंटरग्लोब एविएशन, एमपीएस, एनबीसीसी (इंडिया), पेज इंडस्ट्रीज, पिडिलाइट इंडस्ट्रीज, हिताची एनर्जी इंडिया, क्यूजीओ फाइनेंस, रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया, रेन इंडस्ट्रीज, साउथ इंडियन बैंक और सन टीवी नेटवर्क।

## इस एक्ट्रेस ने शुरू किया बिना इंसानी हाथ लगा पानी बेचने का बिजनेस



नई दिल्ली (एजेंसी)। बॉलीवुड एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर ने हाल ही में अपनी बहन समीक्षा पेडनेकर के साथ मिलकर एक बेवरेज ब्रांड, बैकबे, लॉन्च किया है। पेडनेकर बहनें पिछले दो सालों से इस ब्रांड पर काम कर रही थीं और अब उन्होंने हिमाचल प्रदेश में एक मैन्युफैक्चरिंग यूनिट लगाई है, जहाँ ÷नेचुरल मिनरल वाटर÷ की पैकेजिंग की जाएगी।

कीमत की बात करें तो इस ब्रांड ने 500 मिलीलीटर के पैकेट का रेट 150 रुपये और 750 मिलीलीटर के पैकेट का रेट 200 रुपये रखा है।

महिलाओं के हाथों में होगी बागडोर- भूमि पेडनेकर और समीक्षा पेडनेकर ने अपने ब्रांड को प्रमोट करते हुए कई इंटरव्यू दिए, जिसमें उन्होंने अपने ब्रांड के पीछे की कहानी, उसके नाम और प्रोडक्ट की कीमत के बारे में बताया।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार भूमि के मुताबिक हिमाचल में कंपनी की अपनी फैसिलिटी है, जहां प्लांट लगाया गया है। कंपनी की वर्कफोर्स की लीडरशिप महिलाएँ कर रही हैं।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# टास्क एप पर दो दिन में कमाए 50 हजार, लालच में बैंक मैनेजर की पत्नी ने निवेश कर डुबाए 40 लाख



भोपाल। राजधानी में एक बैंक मैनेजर की पत्नी से ट्रेडिंग एप में निवेश के नाम पर 40 लाख रुपये की साइबर ठगी हुई है। ठगों ने एक टास्क एप के जरिए रुपये निवेश करवाए। महिला को उन पर भरोसा हो, इसलिए आसान से टास्क पूरे करवाकर उन्होंने पहले उन्हें एक लाख रुपये निवेश करने पर 50 हजार रुपये का मुनाफा भी दिया, ये राशि महिला ने अपने बैंक खाते में ट्रांसफर भी कर ली थी।

इससे लालच में आकर बैंक मैनेजर की पत्नी ने अलग-अलग किश्तों में 40 लाख रुपये जमा कर दिए। वहीं, जब इन रुपयों को निकालने की बारी आई तो उन्होंने बगैर अनुमति लिए शेयर बाजार के आइपीओ उनके नाम पर फर्जी तरीके से आवंटित कर दिए। जिसके बाद राशि फंस गई तो महिला ने अपने पति को यह जानकारी दी। बैंक मैनेजर पति ने जब एप के वाट्सग्रुप की जांच की तो पाया कि सभी नंबर पश्चिम बंगाल के हैं, जिसके बाद उन्हें साइबर ठगी की शंका हुई और क्राइम ब्रांच की साइबर क्राइम में शिकायत की।सोशल मीडिया के जरिए टास्क एप के वाट्सएप ग्रुप से जुड़ी

पुलिस के अनुसार फरियादी एमपीनगर स्थित बैंक में मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। उनकी पत्नी पिछले महीने सोशल मीडिया के जरिए एक टास्क एप के वाट्सएप ग्रुप से जुड़ी थीं। उन्होंने ग्रुप में लोगों के मैसेज और उनको मिलने वाले मुनाफे को देखते हुए शुरुआत में एक लाख रुपये का निवेश किया, जिस पर दो-तीन दिन में ही उन्हें 50 हजार रुपये का मुनाफा हुआ। इसके बाद उन्होंने पहले पांच लाख रुपये का निवेश किया, बाद में जब दिखाया गया कि 10 लाख रुपये पर ज्यादा मुनाफा मिलेगा तो उन्होंने राशि बढ़ाई और इस तरह ज्यादा मुनाफे के लालच में उन्होंने 40 लाख रुपये गंवा दिए। बाद में ठग ने उनके नाम पर 91 लाख रुपये के आइपीओ आवंटित कर दिए और बताया कि इससे 50 लाख रुपये का फायदा होगा, लेकिन जब यह बात उनकी पत्नी ने उन्हें बताई तो बैंक मैनेजर ने टास्क एप के वाट्सएप ग्रुप को खंगाला, जिसमें पाया कि सभी नंबर पश्चिम बंगाल के हैं। उन्होंने ठग से रुपये वापस करने की बात कही तो फोन बंद कर लिया, जिसके बाद उन्होंने शिकायत की।

# राजगढ़, बुधनी और छतरपुर में अगले साल से शुरू होंगे मेडिकल कॉलेज, फैकल्टी भर्ती प्रक्रिया तेज




भोपाल। प्रदेश में नए मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए फैकल्टी की कमी बड़ी चुनौती बन रही है। इस कारण चिकित्सा शिक्षा संचालनालय ने अगले वर्ष प्रारंभ होने जा रहे तीन मेडिकल कॉलेजों के लिए फैकल्टी की भर्ती सहित अन्य तैयारियां अभी से प्रारंभ कर दी हैं। राजगढ़, बुधनी और छतरपुर में अगले वर्ष मेडिकल कॉलेज प्रारंभ करने की तैयारी है। पहले मंडला में भी वर्ष 2026-27 के सत्र से एमबीबीएस पाठ्यक्रम प्रारंभ करने की योजना थी, पर भवन निर्माण में देरी के चलते अब यह 2027-28 के सत्र में प्रारंभ हो पाएगा।

इन कॉलेजों की मान्यता के लिए शीघ्र की नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) को आवेदन किया जाएगा। एनएमसी की टीम वर्ष 2026 में निरीक्षण के लिए आएगी, पर इसके पहले फैकल्टी के पदों पर पूर्ति की जाएगी। नए कॉलेजों को फैकल्टी नहीं मिलने की चुनौती के चलते सरकार छोटे जिलों के मेडिकल कॉलेजों के लिए प्रोत्साहन की योजना भी ला रही है।

इसमें फैकल्टी को वेतन का लगभग 20 प्रतिशत प्रोत्साहन राशि देने की तैयारी कर रही है। यह निर्णय होने के बाद ही पदों पर भर्ती प्रारंभ की जाएगी। इन तीनों कॉलेजों में एमबीबीएस की 150-150 सीटें होंगी। सभी जगह भवन निर्माण का काम भी लगभग पूरा हो गया है। अब फैकल्टी की भर्ती और पुस्तकालय बनाने का काम होना है।

पीपीपी से चार जगह मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए होगा अनुबंध प्रदेश सरकार ने सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) से 12 जिलों में मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए आमंत्रण मांगे थे। इनमें दो-अलग ग्रुप ने चार जगह कालेज खोलने का आफर दिया था। इसमें बैतूल, पन्ना, धार और कटनी जिले शामिल हैं। मंगलवार को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में कॉलेज खोलने के लिए एमओयू होने जा रहा है।


## मछली गैंग पर कसता पुलिस का शिकंजा, अब तक 15 गिरफ्तार, करीब 50 से हो चुकी है पूछताछ



भोपाल। राजधानी में चर्चित हाई-प्रोफाइल ड्रग्स-हथियार तस्करी मामले में पुलिस ने यासीन मछली और शाहवर मछली के नेटवर्क की परत-दर-परत पोल खोल दी है। यह खुलासा न केवल ड्रग माफिया के काम करने के तरीके को उजागर करता है, बल्कि शहर के पार्टी कल्चर की उस अंधेरी सच्चाई को भी सामने लाता है, जहां नशा मौज-मस्ती से आगे बढ़कर संगठित अपराध का बड़ा जरिया बन चुका है।

**15 की गिरफ्तारी, 50 से पूछताछ**-अब तक क्राइम ब्रांच यासीन के 15 करीबियों को गिरफ्तार कर चुकी है और 50 से अधिक लोगों से पूछताछ हो चुकी है। पूरे रैकेट का पर्दाफाश यासीन और शाहवर के मोबाइलों में मिली ड्रग चैट और फोटो से हुआ है। रिमांड के दौरान पुलिस की पूछताछ में सामने आया कि इस रैकेट में 50 से ज्यादा लोग काम करते थे, जो दिल्ली और राजस्थान से माल लाकर भोपाल में सप्लाई करते थे। यासीन पब और क्लब में आने वाले युवाओं को टारगेट करता था। शुरुआत में उन्हें मुफ्त ड्रग दी जाती थी ताकि लत लग जाए, फिर महंगे दामों में ड्रग बेचे जाते थे।अब तक ये 15 हुए गिरफ्तार गिरफ्तार आरोपियों में सोहेल खान, समीर उद्दीन, आशू उर्फ शाहरुख, सैफुद्दीन, यासीन उर्फ मिंटू उर्फ मछली, शाहवर मछली, जगजीत सिंह उर्फ जग्गा, अंशुल सिंह उर्फ भूरी, अंकित कहार, अमन दहिया, शुभम शर्मा, शकीर उर्फ छोटू, तौफीक निजामी, थाई महिला बेंचामत मून, नाइजीरियन नागरिक और चार अन्य शामिल हैं।

# Tariff वार के बीच Trump का नाम लिए बिना राजनाथ सिंह ने बोला तीखा हमला



रायसेन। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को भारतीय वस्तुओं पर टैरिफ वृद्धि को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर अप्रत्यक्ष रूप से तीखा हमला बोला। उन्होंने अमेरिका अथवा ट्रंप का नाम न लेते हुए कहा कि कुछ लोग हैं, जो भारत के विकास की गति से खुश नहीं हैं। उन्हें यह पसंद नहीं आ रहा है कि %सबके बॉस तो हम हैं%, भारत इतनी तेजी से कैसे बढ़ रहा है? इसलिए देश की अर्थव्यवस्था को बाधित करने की कोशिश कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि इसके लिए कई लोग कोशिश कर रहे हैं कि भारत में बनी चीजें, भारतीयों के हाथों से बनी चीजें, उन देशों में बनी चीजों से ज्यादा महंगी हो जाएं, ताकि जब चीजें महंगी हो जाएं, तो दुनिया उन्हें न खरीदे, लेकिन भारत इतनी तेजी से आगे बढ़ रहा है कि अब दुनिया की कोई भी ताकत भारत को विश्व की एक बड़ी ताकत बनने से नहीं रोक सकती। यह बात राजनाथ ने मध्य प्रदेश के रायसेन जिले के औबेदुल्लागंज में रेल हब फार मैन्युफैक्चरिंग इकाई (ब्रह्मा परियोजना) की आधारशिला रखते हुए कही। रायसेन में रखी ब्रह्मा परियोजना की आधारशिला

रक्षामंत्री ने कहा कि रक्षा क्षेत्र में अब हम 24 हजार करोड़ से अधिक मूल्य की वस्तुओं का निर्यात कर रहे हैं। यह भारत की ताकत है, यह नए भारत का नया रक्षा क्षेत्र है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान प्रमुख रूप से मौजूद थे।

पाकिस्तान पर भी बरसे राजनाथ सिंह

पाकिस्तान पर हमला बोलते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि हम धर्म देखकर नहीं, कर्म देखकर मारेंगे। उन्होंने कहा कि पहलगाम में आतंकियों ने हमारे निर्दोष लोगों की हत्या की थी। वे मानते थे कि हम शांत होकर बैठ जाएंगे। हमने संकल्प किया कि मुंहतोड़ जवाब देंगे। हमने ठाना था कि हम धर्म देखकर नहीं, कर्म देखकर मारेंगे।

उन्होंने कहा कि आपरेशन सिंदूर में हमने दुनिया को यह संदेश दिया कि हम किसी को छेड़ते नहीं हैं, लेकिन अगर कोई हमें छेड़े तो हम उसे छोड़ते भी नहीं हैं। आज हम भारत में ऐसे हथियार भी बना रहे हैं, जो हम कभी दूसरे देशों से खरीदा करते थे। अगर हम हथियार बेचने की बात करें तो आज भारत का रक्षा निर्यात लगभग 24,000 करोड़ रुपये सालाना हो गया है, जो अपने आप में एक रिकार्ड है।

शिवराज को बताया अभूतपूर्व मुख्यमंत्री

संबोधन के दौरान रक्षा मंत्री ने केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह को पहले भूतपूर्व मुख्यमंत्री कहा, फिर बोले- नहीं आप तो अभूतपूर्व मुख्यमंत्री हो। उन्होंने यह भी कहा कि जो गति यहां विकास की शिवराज सिंह ने दी थी उसे आगे ले जाने का काम मोहन यादव कर रहे हैं। मध्य प्रदेश में रक्षा क्षेत्र का केंद्र बनने के लिए हर गुण है, सभी संसाधन हैं।उन्होंने कहा रायसेन में रेल कोच का निर्माण तो होगा ही, रेलवे के अलग-अलग प्रोडक्ट्स भी बनाए जाएंगे। देशभर की स्पीड ट्रेनों में एमपी में बनने वाले रेलवे कोच लगेंगे। मध्य प्रदेश प्राकृतिक सुंदरता के लिए देशभर में जाना जाता है, अब औद्योगिक विकास के लिए भी जाना जाएगा।




# शेरनी मेघा और बिजली ने दिलाई इंदौर चिड़ियाघर को देश में पहचान



इंदौर। टाइगर स्टेट कहलाने वाले मध्य प्रदेश के इंदौर शहर के चिड़ियाघर का नाम शेरों के लिए भी सम्मान से लिया जाता है। यह सम्मान दिलाने का श्रेय शेरनी मेघा और बिजली को दिया जाता है। पिछले दस साल में यहां जन्मे 20 शेर देश के अन्य राज्यों के चिड़ियाघरों में दहाड़ रहे हैं।

इनके बदले में मिले ब्लेक-सफेद बाघ के बाद कमला नेहरू प्राणी संग्रहालय तीन रंगों के बाघों के देश में ख्यात हुआ। साथ ही एनिमल एक्सचेंज प्रोग्राम के बदले 20 विभिन्न दुर्लभ प्रजाति के वन्य प्राणी मिले।

यहां ब्रीडिंग अच्छी होने से आने वाले समय में यह संख्या और बढ़ने वाली है। दर्शक यहां शेरों को देखने के लिए खासतौर पर आते हैं। गहरे भूरे बालों से घिरी गर्दन के बीच नजर आता रुआबदार चेहरा यह दर्शाने के लिए पर्याप्त होता है कि शेर जंगल का निर्विवाद राजा है। भले ही हमें बब्बर शेरों के मामले में इंदौर देश में शेरों की ब्रीडिंग के मामले में सबसे अव्वल है। यहां पैदा हुए शेर देशभर में दहाड़ रहे हैं और अपना कुनबा आगे बढ़ा रहे हैं।

शाम को दहाड़ते हैं शेर- कमला नेहरू प्राणी संग्रहालय के प्रभारी डॉ. उत्तम यादव बताते हैं कि वर्तमान में हमारे पास नौ मादा एवं चार नर शेर हैं। सभी शेर व्यस्क हैं। इनकी चहल कदमी खास आकर्षण का केंद्र बनती है। शेर 16 घंटे आराम पसंद करते हैं। सोकर उठने के बाद शाम चार-पांच बजे के आसपास दहाड़ते हैं तो इनकी आवाज तीन किलोमीटर के हिस्से में सुनाई देती है। इसके चलते अन्य चिड़ियाघर भी शेरों के लिए इंदौर जू ही उनकी पहली प्राथमिकता रहती है।

प्राकृतिक वातावरण मिलने से बढ़ा कुनबा जू क्यूरेटर एंड एजुकेशन आफिसर निहार परुलेकर बताते हैं कि इंदौर में शेरों को पिंजरे में नहीं रखा जाता बल्कि प्राकृतिक वातावरण में रखा जाता है। यहां शेरों के लिए खुले बाड़े बनाए गए हैं, जिनमें इन्हें जंगल की तरह का माहौल मिलता है। दौड़ने के लिए मैदान हैं तो पानी में अटखेलियां करने के लिए छोटा तालाब भी है।

प्राकृतिक वातावरण में रहने से शेरों का मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर रहता है। इस कारण यहां शेरों का कुनबा बहुत तेजी से आगे बढ़ा है। यहां से शेरों को छतबीर (पंजाब), नंदन कानन (ओडिशा), जामनगर (गुजरात), भिवानी (हरियाणा) और गदग चिड़ियाघर (कर्नाटक) और पुणे (महाराष्ट्र) भेजा गया है।सबसे पहले वर्ष 2014 में आया आकाश एवं मेघा का जोड़ा

इंदौर के चिड़ियाघर में सबसे पहले वर्ष 2014 में शेरों का जोड़ा आया था। इन्हें आकाश और मेघा नाम दिया गया। इनके आने के बाद लगातार शेरों की संख्या बढ़ती गई जबकि कई शेरों को अन्य चिड़ियाघरों को दिया गया। वर्तमान में शेरों की संख्या 13 है। यह दोनों एशियाई शेर हैं। इसके बाद इन्हीं के वंशज चिड़ियाघर में बढ़ते चले गए। आकाश और मेघा की आयु अब करीब 16-17 साल है और दोनों स्वस्थ्य हैं।

आज जनजागरण कार्यक्रम- लायन डे पर चिड़ियाघर में सुबह 11 बजे से कई कार्यक्रम होंगे। इसमें शेरों पर चित्रकला प्रतियोगिता होगी। इसके बाद होने वाले संवाद कार्यक्रम में शेरों की पसंद-नापसंद, खान-पान, उम्र, रखरखाव के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी जाएगी। साथ ही उनके पसंदीदा प्राकृतिक वातावरण के बारे में भी बताया जाएगा।

## इंदौर में मुस्लिम युवक की हरकतों से परेशान हुई युवती, बताया अपना डरावना एक्सपीरियंस



इंदौर। चंदननगर पुलिस ने एक युवती की शिकायत पर मुस्लिम युवक नईम खान के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपित नईम युवती का पीछा करता था। वह बात करने का दबाव बनाता था। उसने युवती को मोबाइल नंबर भी लिख कर दे दिया। युवती के भाई ने ट्रू कॉलर कर देखा तो नंबर नईम खान का निकला। पुलिस के मुताबिक पीड़िता गुमास्ता नगर की ओर जा रही थी। आरोपित उसका पीछा कर रहा था। पीड़िता द्वारा आपत्ति करने पर वह बोला कि मुझे बात करना है। उसने मोबाइल नंबर लिख कर दे दिया।

पीड़िता ने भाई और मां को बताई घटना- पीड़िता ने भाई और मां को घटना बताई तो नंबर नईम खान का निकला। उसका फोटो भी सामने आ गया। शुक्रवार को मनचला पुनः सामने आ गया और बात करने की जिद करने लगा। आरोपित ने उसका हाथ पकड़ लिया। पीड़िता रात को थाने पहुंची और नईम खान के खिलाफ केस दर्ज करवाया।

आफताब खान के खिलाफ केस दर्ज- एक अन्य हिंदू युवती ने आफताब खान के खिलाफ भंवरकुआं थाना में केस दर्ज करवाया है। उसने पुलिस को बताया कि आरोपित ऑफिस आते वक्त पीछा कर रहा था। शुक्रवार दोपहर वह गोकुल गार्डन के समीप मिला और होस्टल तक परेशान करता रहा। आरोपित ने पीड़िता को रोका और इंस्टाग्राम आईडी मांगने लगा।


## इंदौर में साड़ी बिजनेसमैन पर हमला कर तोड़ी कई गाड़ियां, धमकाकर स्कूटर ले गए बदमाश



इंदौर। एमआइजी थाना क्षेत्र में असमाजिक तत्वों ने जमकर उत्पात मचाया। साड़ी व्यवसायी पर हमला कर दिया और रहवासियों को धमकाया। आरोपितों ने दोपहिया वाहनों में तोड़फोड़ कर डाली। आरोपित धमका कर एक स्कूटर लेकर फरार हो गए। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। रहवासी एकत्र होकर थाने पहुंचे और आरोपितों के खिलाफ रिपोर्ट लिखवाई। घटना गुरुवार रात नादिया नगर की है।

नेहरूनगर निवासी ऋषि पुत्र विनोद रजक ने आरोपित विवेक पाराशर निवासी नादिया नगर, हिरेश पाराशर,अश्विन पाल और उसके साथियों के खिलाफ रिपोर्ट लिखवाई है। मूलतःगांधी वार्ड(बीना) निवासी ऋषि रजक साड़ी का व्यवसाय करता है। उसने पुलिस को बताया कि गुरुवार रात वह दोस्त बिट्टू पंवार,काबू टिकलिया के साथ महाबलेश्वर उद्यान के समीप खड़ा था। आरोपित विवेक साथियों के साथ आया और उससे आदी की जानकारी पूछी।

# अब विदेशी जानवरों को पालने से पहले करवाना होगा रजिस्ट्रेशन, परिवेश 2.0 पोर्टल पर करें अप्लाई



इंदौर। अगर आप किसी विदेशी प्रजातियों के जानवरों को पालने का विचार कर रहे हो तो इसके लिए कुछ बातों का ध्यान रखने की जरूरत है। कारण यह है कि ये जानवर भी नियमों के दायरे में आ गए हैं। सरकारी नियमों का पालन करना होगा, क्योंकि वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 के भीतर 2022 में संशोधन किया गया है, जिसमें विदेशी प्रजाति वाले इन जानवरों के संरक्षण और नियंत्रण के लिए सख्त प्रावधान किए गए हैं।

2022 के संशोधन के अनुसार अनुसूची IV में सूचीबद्ध विदेशी जानवरों को रखा गया है। साथ ही उनका प्रजनन करने के लिए लाइसेंस या परमिट लेना जरूरी है। इसका उद्देश्य अवैध व्यापार और तस्करी पर रोक लगाना और वन्यजीवों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। अधिकारियों के मुताबिक कार्रवाई करने की जिम्मेदारी वन विभाग को सौंपी गई है।

पंजीकरण अनिवार्य- यदि आपके पास पहले से ही कोई विदेशी जानवर है तो आपको उसे पंजीकृत कराना होगा। इसके लिए आपको ऑनलाइन परिवेश 2.0 पोर्टल पर आवेदन करना होगा। जानवर संबंधित सभी दस्तावेज अपलोड करना होगा। आवेदन करने के बाद वन विभाग की तरफ से सत्यापन किया जाएगा। अधिकारियों के मुताबिक अगर आप भविष्य में कोई विदेशी जानवर खरीदते या प्राप्त करते हैं तो इसकी जानकारी 30 दिनों के भीतर देनी होगी और पंजीकरण कराना होगा।

## इंदौर में नकाबपोश बदमाशों का तांडव, डॉक्टर-मैनेजर समेत 5 घरों से 20 तोला सोना और नकदी चोरी



इंदौर। पाश टाउनशिप द ग्रेंड मराठा सिंगापुर में राखी के दिन चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। नकाबपोश बदमाशों ने राखी मनाने गए परिवारों के सूने घरों को निशाना बनाकर 20 तोला सोना, नकदी, घड़ियां और अन्य कीमती सामान चुरा लिया। लसूड़िया पुलिस को मौके से फिंगर प्रिंट, सीसीटीवी फुटेज और खून के निशान मिले हैं।

एलकेम कंपनी के मैनेजर शैलेंद्र कैलाश नामदेव ने शिकायत दर्ज कराई कि चोरी उनके मकान नंबर-310 में हुई। शुक्रवार रात करीब 8 बजे वह ससुराल गए थे। शनिवार सुबह 9 बजे पूजा के लिए घर लौटे तो ताला टूटा मिला और घर का सामान अस्त-व्यस्त था। अलमारियां खुली थीं और लाकर से सोने के मंगलसूत्र, चेन, टाप्स, झुमके, अंगूठियां, पायल, बिछिया, घड़ियां आदि गायब थे। घर में खून के धब्बे भी मिले, जिन्हें चोरों ने रुई से साफ किया था।

सीसीटीवी फुटेज में रात करीब 2 बजे पांच नकाबपोश बदमाश टाउनशिप में घुसते और पांच मकानों में चोरी करते दिखाई दिए।

## इंदौर में झोलाछाप डॉक्टर की लापरवाही, गलत इंजेक्शन लगाने से युवक की मौत; परिजनों ने किया हंगामा



इंदौर। झोलाछाप डॉक्टर राजेश पंवार की लापरवाही से एक युवक की मौत हो गई। गुस्साए स्वजन डॉक्टर के घर पहुंचे और तोड़फोड़ कर डाली। पुलिस ने उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। आरोप है कि स्वयं को डॉक्टर बताने वाला राजेश खुद ही दवाईयों, इंजेक्शन और बोतल लेकर जाता था।

गुस्साए परिजनों ने की तोड़फोड़- गांधी नगर टीआइ अनिल यादव के मुताबिक तोड़फाेड़ राजेश पंवार निवासी कल्याण संपत (गांधीनगर) के घर में हुई है। उसकी पत्नी वंदना की शिकायत पर जनता कालोनी निवासी धर्मेंद्र जैन व अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। घटना शनिवार दोपहर करीब 4 बजे की है। घटना के वक्त वंदना राखी की तैयारी कर रही थी। तभी धर्मेंद्र और उसके साथी आए और दरवाजे पर पत्थर फैंकने लगे।वंदना बाहर आई तो आरोपियों ने राजेश के बारे में पूछ और कहा उसको बाहर निकालो। गुस्से में धर्मेंद्र ने पत्थर फेंक कर खिड़कियों के कांच फोड़ डाले। बाहर खड़ी कार (एमपी 09डीबी 0420) और बाइक (एमपी 09आइजे 0561) में तोड़फोड़ कर दी। परिवार को एक घंटे तक दहशत में रहना पड़ा। पुलिस को कॉल लगाने पर आरोपी कॉलोनी से भागे। शाम को वंदना स्वजन के साथ थाने पहुंची और आरोपितों के खिलाफ रिपोर्ट लिखवाई। गलत इंजेक्शन और लापरवाही से मौत का आरोप

टीआइ के मुताबिक धर्मेंद्र के बेटे का टाइफाइड का उपचार चल रहा था। राजेश पंवार निजी अस्पताल में कम्पाउंडर की नौकरी करता है। वह युवक को इंजेक्शन और बोतल चढ़ाने घर जाता था। स्वास्थ्य में सुधार नहीं हुआ और युवक की सोमवार को मौत हो गई।

धर्मेंद्र का आरोप है कि राजेश की लापरवाही से ही युवक की मौत हुई है। उसके भाई शुभम ने कहा कि राजेश को उपचार करना नहीं आता था और वह खुद डॉक्टर बता कर इलाज कर रहा था। एक बार तो उसने बोतल लीक होने पर उनके सामने ही फेवीकोल से छेद बंद किया था। मल्हारगंज टीआइ वेदेंद्र सिंह कुशवाह के मुताबिक युवक की सोमवार को मौत हो चुकी है। स्वजन उसका अंतिम संस्कार भी कर चुके है।

# इंदौर में युवती ने परिवार के साथ मिलकर कराई प्रेमी की हत्या, चार गिरफ्तार




इंदौर। मोरोद गांव में एक युवती ने अपने पिता, भाई और भतीजे के साथ मिलकर प्रेमी की बेरहमी से हत्या कर दी। आरोप है कि युवती ने प्रेमी को मिलने के बहाने बुलाया और फिर तीनों परिजनों ने मिलकर उसे डंडों और पत्थरों से पीट-पीटकर मार डाला। इतना ही नहीं, पत्थरों से उसके गुप्तांग तक कुचल दिए गए।

तेजाजी नगर पुलिस ने युवती सहित चारों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। टीआई देवेंद्र मरकाम के अनुसार, ग्राम काठी जिला जालौन (उत्तर प्रदेश) निवासी लक्ष्मी बहादुर यादव ने अपने भतीजे संजय यादव की हत्या की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी।आरोपी गिरफ्तार

जानकारी के मुताबिक, 50 वर्षीय लक्ष्मी बाई भतीजे संजय के साथ मोरोद गांव के ग्वाला कॉलोनी में रहती थी। पुलिस ने मोबाइल कॉल डिटेल और टावर लोकेशन के आधार पर शनिवार शाम आरोपित अर्चना यादव, मुन्नालाल यादव, रोहित यादव और शुभम उर्फ बाबू यादव को गिरफ्तार कर लिया।




वन्दे देव उमापतिम सुरगुरुं वन्दे जगत् कारणं, वन्दे पन्नग भूषणं मृग्धरम
वन्दे पशूनाम्पतिम, वन्दे सूर्य शशांक वहिनयनम वन्दे मुकुंदप्रियम,
वन्दे भक्त जनाश्रयम च वरदम वन्दे शिवम् शंकरं !
भूतभावन बाबा श्री महाकालेश्वर भगवान सभी को आरोग्यता प्रदान करें।

# पंचम सवारी में भगवान श्री महाकालेश्वर पाच स्वरूपों में अपने भक्तों को देंगे दर्शन

## 4 जनजातीय एवं लोकनृत्य कलाकारों दल एवं मध्यप्रदेश के विभिन्न धार्मिक स्थलों की झाकियाँ भी सम्मिलित होंगी

उज्जैन। श्री महाकालेश्वर भगवान की श्रावण/भाद्रपद माह में निकलने वाली सवारी के क्रम में श्री महाकालेश्वर भगवान की पंचम सवारी 11 अगस्त 2025 सोमवार को निकलेगी। इस दौरान पालकी में श्री चन्द्रमौलेश्वर, गजराज पर श्री मनमहेश, गरूड़ रथ पर श्री शिवतांडव, नन्दी रथ पर श्री उमा-महेश और डोल रथ पर श्री होल्कर स्टेट के मुखारविंद सम्मिलित रहेगा।



श्री महाकालेश्वर भगवान की सवारी निकलने के पूर्व श्री महाकालेश्वर मंदिर के सभामंडप में भगवान श्री चन्द्रमोलेश्वर का विधिवत पूजन-अर्चन होगा।

उसके पश्चात भगवान श्री चन्द्रमोलेश्वर पालकी में विराजित होकर नगर भ्रमण पर निकलेंगे। मंदिर के मुख्य द्वार पर सशस्त्र पुलिस बल के जवानों द्वारा पालकी में विराजित भगवान को सलामी दी जावेगी।

उसके बाद सवारी परंपरागत मार्ग महाकाल चौराहा, गुदरी चौराहा, बक्षी बाजार और कहारवाडी से होती हुई रामघाट पहुंचेगी। जहॉ क्षिप्रा नदी के जल से भगवान का अभिषेक और पूजन-अर्चन किया जावेगा। इसके बाद सवारी रामानुजकोट, मोढ की धर्मशाला, कार्तिक चौक खाती का मंदिर, सत्यीनारायण मंदिर, ढाबा रोड, टंकी चौराहा, छत्री चौक, गोपाल मंदिर, पटनी बाजार और गुदरी बाजार से होती हुई पुन÷ श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचेगी।

श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति सवारी के दौरान दर्शन हेतु आने वाले श्रद्धालुओं से अपील करती हैं कि, कृपया सवारी मार्ग में सडक की ओर व्यापारीगण भट्टी चालू न रखें और न ही तेल का कढाव रखें। दर्शना?र्थी सवारी में उल्टी दिशा में न चलें और सवारी निकलने तक अपने स्थान पर खडे रहें। दर्शनार्थी कृपया गलियों में वाहन न रखें। श्रद्धालु सवारी के दौरान सिक्के , नारियल, केले, फल आदि न फैंकें। सवारी के बीच में प्रसाद और चित्र वितरण न करें। इसके अलावा पालकी के आसपास अनावश्यक संख्या में लोग न रहें।

चलित रथ के माध्यम से श्रद्धालु करेंगे दर्शन भगवान श्री महाकालेश्वर की सवारी के सुगमतापूर्वक दर्शन के लिये श्री महाकालेश्वर मन्दिर प्रबंध समिति द्वारा चलित रथ की व्यवस्था की गई है। जिसके दोनों ओर एलईडी के माध्यम से सवारी का लाईव प्रसारण किया जाएगा। जिससे श्रद्धालु भगवान के दर्शनो का लाभ सकेंगे।

# प्रेम सेवा समृद्धि फाउंडेशन द्वारा नि शुल्क स्वास्थ शिविर भैरवगढ़ में सप्पन्न हुआ



उज्जैन। प्रेम सेवा समृद्धि फाउंडेशन के अध्यक्ष समीर उल्हक़ ओर उपाध्यक्ष रेहान शफ़क़ ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में 350 से 400 मरीजों का इलाज नि शुल्क किया गया साथ ही दवाइयां शुगर की जांच बल्ड प्रेशर आदि सभी नि शुल्क किया शिविर का आयोजन भेरूगढ़ कम्युनिटी हॉल उज्जैन में आयोजित किया गया।

जिसमें विभिन्न प्रकार की बीमारियों के लिए चिकित्सक उपस्थित हुए जिसमें मुख्य रूप से डॉ रौनक एलची द्रस्र मेडिसिन डॉ शोएब पटेल डॉ आयेश शेख डॉ तेहरीम डॉ ताहिर खान चर्म रोग डॉ शिल्पा राजपूत स्त्री रोग डॉ आकृति नेत्र रोग डॉ साक्षी शिशु रोग डॉ साकेत मिश्रा जनरल फिजिशियन डॉ नफीसा खान सर्जरी डॉ गौरव तिवारी नाक कान गला डॉ हार्दिक धनगर जनरल मेडिसिन स्पेशलिस्ट ह्रदय रोगी दंत रोग डॉ शोएब पटेल स्क्क्र डॉ आयशा खान डॉ तहरीम और खिदमत मेडिकल रेहान चिश्ती उपस्थित सभी डॉक्टर का सम्मान मुखथिति सतिंदर कोर सलुजा मेम के दुवारा किया गया एवम शिविर में सहयोग के लिए सदर साहब इलयास भाई, हाफिज़ आकिब साहब, ओर इरफाम साहब का सम्मन विशेष अतिथि पूर्व जनपद सदस्य इकरार पटेल ने किया। स्वगत सचिव साधना धाकड़ ने किया आभार प्रवक्ता अतहर आलम अंसारी ओर डॉ अनीस शेख ने माना। कार्यक्रम का संचालन सानिया खान ने किया।

# महेंद्र चतुर्वेदी स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट में हुए रोमांचक क्वार्टर फाइनल मुकाबला

उज्जैन। महेंद्र चतुर्वेदी स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट के अंतर्गत रोमांचक क्वार्टर फाइनल मुकाबला विक्रमादित्य स्पोर्ट्स क्लब और कैप्टन इलेवन के बीच खेला गया। मैच चुनौतियों से भरा हुआ था, लेकिन सत्यम के शानदार शॉट से विक्रमादित्य क्लब ने 1-0 की बढ़त बना ली।

इसके बाद कैप्टन इलेवन के खिलाड़ी अर्पित यादव, राहुल, राहुल रजानी ने स्कोर बराबर करने का भरसक प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हो पाए। विक्रमादित्य इलेवन की ओर से धनंजय ने बेहतरीन खेल दिखाया। अनुराग मिश्रा, अर्पितजी, विभोर भार्गव, लकी अथर्व ने उत्कृष्ट फुटबॉल खेल का प्रदर्शन किया। वरिष्ठ खिलाड़ियों पुनीत ललावत और यश शर्मा ने भी शानदार खेल दिखाया।

# श्री चामुंडा माता मंदिर पर होगा 24 घंटे खड़े खड़े संगीतमय अखंड रामायण पाठ




उज्जैन। श्री चामुंडा माता मंदिर में सावन माह में एक माह से निरंतर चल रही संगीतमय अखंड रामायण का समापन हुआ। वहीं आज सोमवार 11 अगस्त से मंगलवार 12 अगस्त तक 24 घंटे खड़े-खड़े संगीतमय अखंड रामायण का पाठ किया जाएगा।

मंगलवार को समापन पूर्ण आहुति भंडारा किया जाएगा। इसी के साथ एक माह से संगीतमय अखंड रामायण का पाठ करने वाले 50 रामायण पढ़ने वालों का सम्मान संस्था के पंडित शरद चौबे, संरक्षक ओमप्रकाश नाहटा एवं धीरेंद्र नाहटा द्वारा शॉल, श्रीफल, वस्त्र एवं दक्षिणा देकर किया जाएगा। समुचे मध्य प्रदेश में केवल चामुंडा माता मंदिर पर प्रतिवर्ष एक माह तक चलने वाली संगीतमय अखंड रामायण का समापन पर लगातार 24 घंटे तक भक्तों के द्वारा खड़े-खड़े रामायण का पाठ समापन किया जाता है। यह जानकारी पुजारी पंडित सुनील चौबे एवं वरिष्ठ सदस्य राजेंद्र शाह के द्वारा प्रदान की गई।

# तूफानी रात में घिरे आठ लोग, सस्पेंस से बंधे रहे दर्शक

## निर्देशक के कौशल की एक और प्रस्तुति द माउस ट्रैप



उज्जैन। एक हत्या की खबर रेडियो पर आती है, आठ अजनबी एक गेस्ट हाउस में है, वे सब भारी बारिश और बर्फबारी के चलते गेस्ट हाउस में फस जाते हैं, एक पुलिस अफसर आता है तब मेहमानों को पता चलता है कि उनके बीच एक हत्यारा है, एक-एक पात्र कत्ल के शक के दायरे में आता है, पुलिस अफसर की तफसील के साथ सभी के चरित्रों का खुलासा होता चला जाता है। उनके अतीत में किये गये घिनोने सच खुलकर सामने आते हैं, साथ ही ये सस्पेंस भी बना रहता है कि अगला मर्डर किसका होगा।

शरद शर्मा के यथार्थ रंग की शाम अभिनव रंगमंडल उज्जैन, इंदौर द्वारा कालिदास अकादमी में नाटक ÷द माउस ट्रेप÷ का प्रभावी मंचन किया गया। अगाथा क्रिस्टी द्वारा रचित इस नाटक में बर्फीली रात में फंसे आठ लोगों की कहानी बयां की गई। आठ अजनबी एक गेस्ट हाउस में मिलते हैं, जो बारिश और तूफान के चलते वहां फंस गए हैं, अगाथा क्रिस्टी अपने रचना संसार में एक थ्रिलर लेखक के रूप में जानी जाती हैं, उनकी इस कहानी को अभिनव रंगमंडल ने बहुत ही उम्दा तरीके से प्रस्तुत किया। जहां एक और नाटक सस्पेंस थ्रिलर दर्शाता है, वहीं नाटक के ज़रिए एक महत्वपूर्ण संदेश भी दिया गया है, कि किस तरह हमारे समाज में बच्चों का शोषण किया जा रहा है और जो प्रभावशाली वर्ग है वह आंखें मूंदे बैठा है। नाटक के निर्देशक शरद शर्मा ने एक बार फिर सिद्ध किया कि यथार्थवादी रंग शैली पर उनकी मजबूत पकड़ है, वो हमेशा संवाद प्रधान नाटक प्रस्तुत करते हैं, जिसमें सामाजिक न्याय का संदेश छुपा होता है। उन्होंने लगभग सभी कलाकारों से बेहतरीन अभिनय करवाया है। रंगकर्मी एस मोहन ने बताया कि मैंने जब उनसे पूछा तो वो बोले कि अब जो कलाकार आ रहे हैं उनका पढ़ाई लिखाई में कम विश्वास है, इसलिए मेरी मेहनत ज्यादा बढ़ जाती है, उच्चारण और स्वर सुधारने में काफी समय जाया होता है। मैं जब उनसे बात कर रहा था, तब उनके चेहरे पर कलाकार गढ़ने का संतोष साफ दिखाई दे रहा था। कुल मिलाकर शरद शर्मा ने उज्जैन रंगमंच को देश भर में प्रतिष्ठित करने में बड़ी भूमिका निभाई है, 43 वर्षों से शहर के लोग उनका जुनून देख रहे हैं, उन्होंने शहर को बहुत अच्छे नाटक दिखाएं हैं। प्रस्तुत नाटक के कलाकारों में (सुभाष) भूषण जैन ने एक ईर्ष्यालु पति की भूमिका में अपने तेवरों से दर्शकों को प्रभावित किया, वे निर्देशक के अधिकांश नाटकों में मुख्य भूमिका निभाते हैं। (ममता) हिना वासेन ने भावुक ओर प्रभावी अभिनय किया।

जज (विर्दी) की भूमिका को मीना जैन खत्री ने बखूबी प्रस्तुत किया। नये कलाकारों में (भटेजा) आनंद सिंह ने दर्शकों को अपनी और आकर्षित किया। (निक्की) संचिता भावसार, (हेनरी) शैशव भटनागर, (दिलबाग) अंकित दास ने इंस्पेक्टर की भूमिका को पूरे सामर्थ के साथ निभाया। (करनल) सचिन वर्मा दर्शकों पर अपना प्रभाव छोड़ने में कामयाब रहे।

# अलखमेहर धाम में बांधे रक्षासूत्र, सिंधी भाषा को बढ़ाने, एक दूसरे का साथ देने, सुरक्षा का दिया वचन



उज्जैन। भारतीय सिंधु सभा महिला शाखा एवं मेन, युवा शाखा द्वारा रक्षा सूत्र बंधन समारोह अलख मेहर धाम शिवाजी पार्क पर आयोजित किया गया। सभी बहनों ने सभी भाइयों और संतों को राखियां बांधी। संत अमोलकजी ने अरदास करवाई। सिंधी भाषा को बढ़ाने तथा समाज में एक दूसरे को साथ देने, बहनों की सुरक्षा करने का वचन दिया।

कार्यक्रम में भारतीय सिंधु सभा की महिला शाखा प्रदेश सचिव डॉ मीना वाधवानी, उज्जैन अध्यक्ष स्वाति गजरानी, महासचिव गोपी राजवानी, उपाध्यक्ष रिंकू बेलानी, नीलम खत्री, मुस्कान राजदेव, कोषाध्यक्ष भारती सनमुखानी, राधिका सेठिया, सिंधी राष्ट्रीय मंच की सचिव नेहा मोटवानी, वंदना परसवानी ने साईं आत्मदासजी को और संतों को माला पहना कर स्वागत किया। अध्यक्ष रमेश गजरानी ने रक्षा सूत्र बंधन की पुराणिक कथाओं का विवरण देते हुए इसको मनाने का उद्देश्य बताया। डॉ मीना वाधवानी ने रक्षा सूत्र बंधन एक प्रेम, विश्वास और सुरक्षा का अटूट बंधन है बताया। महासचिव महेश गंगवानी, सचिव राजकुमार परसवानी, उपाध्यक्ष सुनील खत्री, रमेश समदानी, दीपक बेलानी, जवाहर सनमुखानी, सुरेश सनमुखनी, विनोद लुल्ला, मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी, मोहन राजवानी, होतचंद सेठिया, राजू केवलरामानी, दयाराम कुकरेजा, पुरूषोतम रायसिंघानी ने संत आत्मदास, अमरदास अमोलक, मुनी महाराज को मालाएं पहना कर सम्मान किया।

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, ( म.प्र. ) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, ( म.प्र. ) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com